# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## आंकड़ों पर एक नजर

- राज्य में कुल मतदाता 9.59 करोड़
- पुरुष मतदाता 4.59 करोड़
- महिला मतदाता 4.64 करोड़
- 19.48 लाख वोटर करेंगे पहली बार मतदान
- विधानसभा चुनाव के लिए 1,00,186 मतदान केंद्र
- शहरी इलाकों में 52585 केंद्र
- ग्रामीण इलाकों में 57,601 केंद्र
- प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 950 मतदाता



# महाराष्ट्र में 26 नवंबर से पहले होंगे विधानसभा चुनाव

## चुनाव आयोग ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तैयारियों के बारे में दी जानकारी



अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची चुनाव आयोग की टीम ने अपना दौरा पूरा कर लिया है। दो दिवसीय दौरे के दौरान निर्वाचन आयोग की टीम ने कई राजनीतिक दलों और अधिकारियों के साथ अहम बैठक कीं। चुनाव आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र में 26 नवंबर से पहले चुनाव कराना होगा, क्योंकि नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा कार्यकाल खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र की स्थिति की समीक्षा करने के बाद चुनाव आयोग ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि हम यहां आपको आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग की तैयारियों के बारे में जानकारी देने आए हैं। हमने पिछले दो दिनों में राष्ट्रीय और राज्य स्तर के सभी राजनीतिक दलों से मुलाकात की। हम सभी कानून प्रवर्तन अधिकारियों संग बैठक की। हमने उन्हें कई निर्देश दिए हैं।

### एक चरण में चुनाव पर गोलमोल जवाब

कुमार ने प्रदेश में सत्तारूढ़ राकांपा (अजित) और शिवसेना (शिंदे) समेत विपक्षी दलों के एक चरण में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव कराने की मांग पर गोलमोल जवाब दिया।इससे एक चरण में विधानसभा चुनाव को लेकर फिलहाल सस्पेंस कायम है।कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव एक चरण में होंगे अथवा दो चरण में कराए जाएंगे। इसके बारे में हम लोग चुनाव की तारीख के साथ शीघ्र ही मीडिया को बताएंगे। लेकिन दीपावली और छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तारीख की घोषणा की जाएगी। चुनाव का दिन सप्ताह के मध्य में होगा। महाराष्ट्र की वर्तमान 14 वीं विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म होगा।

### फेक न्यूज बर्दाश्त नहीं

कुछ दलों ने चुनाव के दौरान फेक न्यूज को भी एक बड़ी समस्या बताते हुए उस पर चिंता जताई। इस पर सीईसी ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को इस खतरे के खिलाफ त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### तीन साल से तैनात अफसरों का तबादला करना ही होगा

कुमार ने कहा कि तीन साल से अधिक समय से अपने गृह जिलों में तैनात अफसरों का तबादला करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इस बारे में राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मी शुक्ला को अगले दो से तीन दिनों में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। राज्य की डीजीपी रश्मी को पद से हटाने की मांगकांग्रेस ने शुक्रवार को किया था। इस पर कुमार ने कहा कि हमें कांग्रेस की ओर से ज्ञापन मिला है। हम इस बारे में अध्ययन करने के बाद उचित फैसला करेंगे।

### शहरों में 100 प्रतिशत बूथ पर होगी वेबकास्टिंग

कुमार ने कहा कि राज्य के 1 लाख 186 मतदान केंद्रों में से लगभग 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। लेकिन शहरी इलाकों में वोटरों की लाइन के बेहतर प्रबंधन के लिए सभी 42 हजार 585 बूथ पर वेबकास्टिंग होगी। जबकि ग्रामीण इलाकों के 57 हजार 601बूथ में से 50 प्रतिशत से अधिकबूथ परवेबकास्टिंग यानी सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी।

### हो सकती है DGP रश्मि शुक्ला की छुट्टी



राजीव कुमार ने कहा कि जो अधिकारी 3 साल से ज्यादा समय से एक ही जगह पर हैं, खासकर जो अपने ही जिले में तैनात हैं, उनका तुरंत ट्रांसफर किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक रश्मी शुक्ला के बारे में शिकायत मिली है। उचित कार्रवाई की जा रही है। ट्रांसफर और पोस्टिंग में पूरी पारदर्शिता लागू की जाएगी।

### एटीएम वैन पर प्रतिबंध

चुनाव के दौरान धन के दुरुपयोग की आशंका रहती है। इसलिए शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक एटीएम के लिए पैसे ले जाने वाले वाहनों पर पैसा नहीं ले जाया जा सकता है। इस दौरान एंबुलेंस, बैंक और क्रेडिट संस्थानों पर खास नजर रखी जाएगी।

### कदाचार की शिकायत ऐप पर

चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए सुविधा पोर्टल नाम से एक ऐप बनाया है। इस ऐप पर मतदाता अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि उदाहरण के तौर पर अगर किसी जगह पर कोई घटना हो या देर तक मतदान चल रहा हो तो सिर्फ फोटो खींचकर इस ऐप पर अपलोड करने से 90 मिनट के अंदर चुनाव आयोग की टीम वहां पहुंच जाएगी।

### नए वोटरों पर खास जोर

राजीव कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में 288 निर्वाचन क्षेत्र हैं। इनमें से 25 निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं, जबकि 29 निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। यह एक मजबूत समाज एवं परिवार व्यवस्था का परिचायक है। चुनाव आयोग की टीम नए वोटरों पर विशेष ध्यान दे रही है। क्योंकि यही युवा मतदाता भविष्य में लोकतंत्र को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे महाराष्ट्र में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं की संख्या 19 .48 लाख है। राज्य में थर्ड जेंडर और पीडब्ल्यूडी वोटरों की संख्या भी अच्छी खासी है।

दायित्वनामा

## चुनावः सच-झूठ या बड़े-छोटे झूठ के बीच



चुनाव के इस दौर में बहुत से लोग झूठ, मक्कारी और नीचता को श्रेष्ठ स्थान देकर उसका अनुसरण करने की दिशा में बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। भारत एक महान संक्रमण से गुजर रहा है, जहां एक सोच बनती दिख रही है कि सच और सच्चे लोगों को बहुत कठिनाई आती है। ऐसे में आम धारणा बनती दिख रही है कि छोटे झूठ, छोटी बेइमानी, छोटी मक्कारी कर शॉर्टकट लेने में कोई बुराई नहीं है। वैसे यह भी सच है कि जब लोगों को सच और झूठ में से किसी को चुनना हो तो ज्यादातर मानव समाज सच के साथ जाएगा, पर जब बात बड़े झूठ और छोटे झूठ में से चुनने की हो तो समाज अपनी सुविधा से चीजों को देखता है। और सच यही है कि भारतीय समाज ऐसे ही किसी दौर से गुरज रहा है। वर्तमान में भारत भौतिक दिशा में तेजी से विकास की तरफ दौड़ता हुआ देश है। भारत के कोने-कोने में आधुनिक सुविधाओं की धमक नजर आ रही है। पर प्रश्न यह उठता है कि क्या भौतिक संसाधनों से ही मानव जीवन की पूर्णता का पैमाना तय होता है?



अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com

बड़े पैमाने पर लोगों का जवाब हो सकता है हां, पर वास्तव में जब आप गौर करते हैं तो भौतिक संसाधन अत्यंत आवश्यक जरूर हैं, पर वह जीवन का एक हिस्सा भर हैं। मानव जीवन की समृद्धि व्यक्ति के भीतरी शांति और प्रसन्नता से आती है। बिना भौतिकता और आंतरिक शांति के जीवन पूर्ण नहीं होता। दोनों के बीच एक बैलेंस बनाना ही जीवन है, और आज के समय में यह बैलेंस बिगड़ता नजर आ रहा है।

लोग बिना सोचे समझे प्रेम कर रहे हैं, बिना सोचे समझे नफरत भी है उनके मनों में है। दुनिया भर में फैला अलग अलग तरह का जिहाद यह बताता है कि लोग धर्म की रक्षा अधर्म के माध्यम से करना चाहते हैं। वे लोगों को मारकर, दबा कर अपने ईश्वर को प्रसन्न करने का मूर्खतापूर्ण स्वप्न देखते हैं। क्या किसी भी धर्म का ईश्वर उसे अपना अनुयायी मानेगा जिसके मन में किसी भी मानव के लिए घृणा हो?

ऐसा प्रतीत होता है कि ज्ञान के इस समय में जब चारों तरफ ज्ञान का भंडार बिखरा पड़ा है, लोगों ने अज्ञान को गले लगाकर आंखें भींच लीं हैं। नेता, अधिकारी, व्यापारी, या आम व्यक्ति धूर्तता और नीचता को साधन बनाकर पद पर पहुंचता है, और धन और शक्ति की अंधी दौड़ लगाता है। उसे लगता है कि उसके वैभव से उसे प्रेम और सम्मान मिलेगा। पर वैभव की यह तृष्णा तृप्त होने की बजाए अनवरत बढ़ती जाती है। उसका कारण यह है कि आप बहुत सारे संसाधन जुटा कर असली सम्मान नहीं पा सकते। लोग भय से लालच से या किसी और कारण से जब आपको सम्मान, प्रेम देंगे तो वह सम्मान ऐसा नहीं होगा, जो व्यक्ति को तृप्त करता है। इससे व्यक्ति के भीतर का इंसान खोखला होता जाएगा। दंभ सिर पर चढ़कर बैठ जाएगा और आप जीवन भर दंभ ढोते रह जाएंगे, पर तृप्त करने वाला प्रेम और सम्मान नहीं पाएंगे।

खैर, हम यहां आध्यात्मिक ज्ञान देने नहीं आए हैं, हम बस अपना दायित्व निभाने का प्रयास कर रहे हैं, कि आप अपनी आत्मा का इतना झरण न होने दें कि आप आजीवन अतृप्ति की तरफ दौड़ते रहें। गलत व्यक्ति के वैभव के आकर्षण में गलत राह न पकड़ें। सही गलत के फर्क को ठहर कर समझें और जीवन को सच्चे वैभव की दिशा में ले जाएं।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित




दोपहर संवाददाता । मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए शनिवार को भारतीय टीम का एलान कर दिया है। सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारत छह अक्तूबर से बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगा। इस सीरीज के लिए शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को आराम दिया गया है, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में शामिल अभिषेक शर्मा को मौका दिया गया है।

## प्रधानमंत्री आज महाराष्ट्र को देंगे 11,200 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन



राजा आदाटे । मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 सितंबर को दोपहर लगभग 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री जिला न्यायालय से स्वर्गेट तक पुणे मेट्रो खंड का उद्घाटन करेंगे, जो पुणे मेट्रो रेल परियोजना (चरण-1) के पूरा होने का भी प्रतीक होगा। जिला न्यायालय से स्वर्गेट के बीच भूमिगत खंड की लागत लगभग 1,810 करोड़ रुपये है।

### पुणे मेट्रो फेज-1 के स्वर्गेट-कात्रज एक्सटेंशन की आधारशिला

इसके अलावा, प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो फेज-1 के स्वर्गेट-कात्रज एक्सटेंशन की आधारशिला रखेंगे, जिसे करीब 2,955 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। करीब 5.46 किलोमीटर लंबा यह दक्षिणी विस्तार पूरी तरह से भूमिगत है, जिसमें मार्केट यार्ड, पद्मावती और कात्रज जैसे तीन स्टेशन हैं। प्रधानमंत्री बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो भारत सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 7,855 एकड़ में फैली एक परिवर्तनकारी परियोजना है। यह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से 20 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।

## फेक न्यूज फैलाने वालों पर करूंगा मुकदमा : राज कुंद्रा

नितिन तोरस्कर । मुंबई



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा ने शनिवार को बांग्लादेशी पोर्न एक्ट्रेस रिया बर्डे से किसी भी तरह के संबंध से साफ इनकार किया। यह बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया था कि एडल्ट फिल्म स्टार रिया अरविंदा बर्डे कुंद्रा की प्रोडक्शन कंपनी से जुड़ी थीं। वह भारत में अवैध रूप से रह रही थीं और उन्हें हाल ही में महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपने बयान में राज कुंद्रा ने कहा कि मेरा इस व्यक्ति से कभी कोई संपर्क नहीं रहा, न ही मेरे पास कभी कोई प्रोडक्शन कंपनी रही है, जिसके साथ यह व्यक्ति जुड़ा हो।

## 'बुरे हो सकते हैं परिणाम...'

### लाडली बहना योजना को लेकर राज ठाकरे ने दी चेतावनी



धीरज सिंह । मुंबई

महाराष्ट्र में लाडली बहना योजना सवालों के घेरे में आ गई है। शनिवार को मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे इस योजना पर सवाल खड़े करते हुए सरकार पर निशाना साधा है। अमरावती दौरे पर पहुंचे राज ठाकरे ने कहा कि अगर लाडली बहना जैसी योजनाएं शासकों के स्वार्थ के लिए होंगी तो इसके बुरे परिणाम होंगे। स्वार्थपूर्ण योजनाओं के कारण राज्य गर्त में चला जाए यह गलत है। राज ठाकरे ने संदेह जताया कि अक्टूबर की किस्त चुकाने के बाद सरकारी खजाने में पैसे नहीं बचेंगे। सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं बचेंगे। जनवरी महीने में राज्य का खजाना खाली हो जाएगा।

### महाराष्ट्र का बजट क्या है?

राज ठाकरे ने संदेह जताया कि जनवरी में कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी पैसे नहीं होंगे। महाराष्ट्र बजट 2024-25 के मुताबिक राज्य की राजस्व आय 4 लाख 98 हजार 758 करोड़ रुपए और राजस्व व्यय 5 लाख 8 हजार 492 करोड़ रुपए है। फिलहाल 9 हजार 734 करोड़ का राजस्व घाटा है। केवल सरकारी कर्मचारियों का वेतन, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का वेतन और ऋण पर ब्याज सरकारी खर्च का 53 प्रतिशत है। यानी 2 लाख 64 हजार 341 करोड़ रुपए खर्च हुए और पूंजीगत और अन्य खर्च 47 फीसदी, यानी 2 लाख 34 हजार 416 करोड़ रुपए है। आय से अधिक खर्च करने की बजाय पैसा जैसे आ रहा है वैसे ही खर्च किया जा रहा है। अकेले लाडली बहना योजना के लिए 47 हजार करोड़ रुपए की जरूरत होगी।

### तमिलनाडु कैबिनेट में बड़ा फेरबदल

## सीएम स्टालिन के बेटे उदयनिधि बने उपमुख्यमंत्री

एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है। जहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार ने एक महत्वपूर्ण कैबिनेट फेरबदल किया है। इस फेरबदल के तहत मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। राजभवन द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, उदयनिधि का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित किया जाएगा।



### सेंटिल बालाजी की कैबिनेट में वापसी

इस फेरबदल का एक और अहम पहलू सेंटिल बालाजी की कैबिनेट में वापसी है। बालाजी को पहले बिजली, उत्पाद शुल्क मंत्रालय दिया गया था। कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के चलते कुछ समय के लिए बालाजी कैबिनेट से बाहर कर दिए गए थे। लेकिन अब उन्हें दोबारा कैबेनेट में शामिल कर लिया गया है।



## मारा गया हिजबुल्ला का प्रमुख हसन नसरल्ला

### हिजबुल्ला ने नसरल्ला के मारे जाने की पुष्टि की

एजेंसी । बेरूत

हिजबुल्लाह ने इजराइली हमले के 20 घंटे बाद चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। हिजबुल्लाह ने शनिवार शाम 5 बजे कहा कि शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे इजराइल के हवाई हमलों में नसरल्लाह की मौत हो गई। इजराइली सेना ने राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया। यह इतना भीषण था कि आसपास की 6 बिल्डिंग ध्वस्त हो गईं। बताया जा रहा है कि नसरल्लाह अपनी बेटी के साथ यहीं मौजूद था।



### मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा

नसरल्लाह के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, ईरान में सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

### चीफ के मारे जाने पर क्या बोला हिजबुल्लाह

शनिवार को जारी एक बयान में बताया गया कि नसरल्लाह शहीद होने वाले अपने साथियों में शामिल हो गए। बयान के मुताबिक, हिजबुल्लाह ने दुश्मन के खिलाफ और फलस्तीन के समर्थन में युद्ध जारी रखने का संकल्प लिया। नसरल्लाह ने तीन दशकों से ज्यादा समय तक आतंकवादी समूह का नेतृत्व किया। इजरायल की हिजबुल्लाह के साथ कई सप्ताह तक जारी जंग में नसरल्लाह की मौत को आतंकवादी समूह के लिए सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है।

# बरसात के कारण नरक बना श्रीरंगनगर

## मनपा प्रशासन की लापरवाही, परेशानी में स्थानीय जनता

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी के श्रीरंगनगर इन दिनों हो रही लगातार बारिश के कारण नरक बन गया है। मात्र 10 मिनट की बरसात के बाद इस इलाके में तीन फीट से ज्यादा काला पानी बहने लगता है, जिसके कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। इसके बावजूद इसे लेकर मनपा प्रशासन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।इसकी वजह से स्थानीय लोगों प्रशासन के प्रति घोर आक्रोश व्याप्त है।



### 25 लाख खर्च कर बनाया गया गटर भी बेअसर

स्थानीय लोगो का कहना है कि पिछले वर्ष मनपा प्रशासन ने रवि पाटील कार्यालय से परशुराम बिल्डिंग तक 25 लाख रुपया खर्च कर वर्षो पुराना बने नाले को तोड़कर पुनः निर्माण किया गया।लेकिन उक्त नाला भी जल भराव को रोकने में पूरी तरह बेकार साबित हो रहा है।इतना ही नहीं घटिया स्तर का काम किए जाने के कारण गटर खस्ताहाल हो गया है।जगह जगह चेंबर गायब है।जिसमे गिरकर वाहन चालक व राहगीर घायल हो रहे है।शुक्रवार को इस नाले में दो लड़कियां व एक व्यक्ति गिरकर बहने लगा था।जिसे स्थानीय लोगों ने किसी तरह बचाया।स्थानीय लोगो ने नाले के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की गहन जांच कर जिम्मेदार ठेकेदार व मनपा अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग मनपा आयुक्त अजय वैद्य से की है।



### 10 मिनट बारिश होते ही सड़कों पर बहने लगता है तीन फीट से ज्यादा गंदा पानी

इन दिनों जारी मूसलाधार बारिश के कारण भिवंडी को बेहाल कर दिया है। लेकिन इन सबके बीच सबसे ज्यादा खराब स्थिति कमला होटल के पीछे श्रीरंगनगर इलाके की है।जहां पर मामूली बरसात के बाद ही दो से तीन फिट पानी बहने लगता है।जो पूरी तरह कचरा युक्त व काला पानी रहता है।बारिश तेज होने यह पानी का रेला लोगों के घरों व दुकानों में घुस जाता है।जिसके कारण स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।इतना ही नहीं बारिश बंद होने के बाद भी इस इलाके में कीचड़ हो जाता है।जिसमे चलाना मुश्किल हो रहा है।समाजसेवक रवि पाटील का कहना है कि श्रीरंगनगर में बह रहा पानी दो किमी दूर से आता है।वे बताते है कि गटरों में डाइंग व प्रोसेस हाउस द्वारा बिना फिल्टर किए काला पानी छोड़े जाने के कारण यह पानी गंदा व काला रहता है।इतना ही नही कुछ दिन पहले गटर पर मनपा द्वारा डाला गया स्लैप लोगों को लिए और मुसीबत बन गया है।उनका कहना है कि इस क्षेत्र में कई पूर्व नगरसेवक खुद को कार्य सम्राट कहलाते है जो मनपा के किसी भी कार्य को अपने द्वारा करवाए जाने का श्रेय लेने के लिए वहाँ जाकर फ़ोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर इसे वायरल कर जमकारी वाहवाही लूटते है।लेकिन पूरा इलाका मूलभूत सुविधा से वंचित है।सड़क टूटे फूटे हालात में है,गटरों से चेंबर गायब है।जिसमे गिरकर राहगीर घायल हो रहे है।स्थानीय लोगों का तो यहां तक कहना है कि पूरे बरसात में उक्त पूरा इलाका नरक बन गया था।गटरों का पानी सड़क पर बह रहा है।जिसके कारण सड़को पर चलना भी दुश्वार हो गया है।

### गटर के पुनर्निर्माण की शुरु है प्रक्रिया

भिवंडी मनपा के प्रभारी शहर अभियंता सचिन नाईक का कहना है कि स्थानीय पूर्व नगरसेवक नित्यानंद नाडार उर्फ बासु अन्ना ने मनपा आयुक्त को पत्र देकर उक्त समस्या के निदान के लिए नाले के पुनर्निर्माण अथवा नाले को गहरा करने की मांग की है।जिसके बाद मूलभूत सुविधा के तहत 1 करोड़ 90 लाख रुपए की निधी सरकार द्वारा मंजूर होने के बाद श्रीरंग नगर से कमला होटल तक नया गटर बनाने का कार्य प्रोसेस में है।उन्होंने बताया कि इसका टेंडर भी दे दिया गया है।बारिश की समाप्ति के उपरांत नाला निर्माण का कार्य शुरू किया जायेगा।जिसके निर्माण के बाद क्षेत्र की जनता को जलभराव से निजात मिल जायेगा।फिलहाल क्षेत्र की जनता को राहत देने के लिए इस इलाके में रोजाना साफ सफाई करवाई जा रही है।

# मनपा में वायरलेस मैसेजिंग सिस्टम का हुआ उद्घाटन

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



भिवंडी महानगरपालिका के कंप्यूटर विभाग के तहत शुरू की गई वायरलेस मैसेजिंग प्रणाली का उद्घाटन भिवंडी मनपा के प्रशासक और आयुक्त अजय वैद्य ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, उपायुक्त (कंप्यूटर )प्रणाली घोंगे, सिस्टम मैनेजर मंदार जोशी, प्र. कार्यालय अधीक्षक स्वप्निल गायकवाड़ एवं मनपा के कर्मचारी उपस्थित थे।

### भारत में कहीं भी किया जा सकता है मैसेज का संचार

भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं को चालू रखने के लिए एक वायरलेस मैसेजिंग सिस्टम की आवश्यकता है और चूंकि दस साल पहले महानगर पालिका की वायरलेस मैसेजिंग प्रणाली इस उद्देश्य के लिए अप्रभावी है, इसलिए प्रशासन ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस नए वायरलेस मैसेजिंग सिस्टम को वायरलेस के रूप में शुरू किया है। मैसेजिंग सिस्टम खराब होने से मनपा की आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। नया वायरलेस मैसेजिंग सिस्टम पोर्टेबल है और इसमें एक वीडियो कैमरा है जिसका उपयोग आपात स्थिति में फोटो और वीडियो लेने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, चूंकि उक्त वायरलेस मैसेजिंग सिस्टम (वाकी टॉकी) सिम बेस है, इसलिए बेस स्टेशन खरीदना अनिवार्य नहीं है। इस वॉकी-टॉकी की बदौलत भारत में कहीं भी मैसेज का संचार किया जा सकता है। ऐसे में वायरलेस मैसेजिंग सिस्टम फायदेमंद साबित होने वाला है। यह जानकारी आयुक्त अजय वैद्य ने दी।

# लोक अदालत में हुआ कई मुकदमों का निपटारा

## हादसे में कर्मचारी की मौत पर 4.50 करोड़ के मुआवजे का आदेश

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 2022 सड़क दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिजनों ने बीमा कंपनी से 30 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत ने शनिवार को मुआवजा देने का आदेश देकर मामले का निपटारा किया। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत ने इसके अलावा भी कई मामलों पर सुनवाई की और दावों का निपटारा किया। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 2022 में सड़क दुर्घटना में मारे गए एक व्यक्ति के परिजनों को 4.50 करोड़ रुपए का मुआवजा देने का आदेश देकर बीमा से संबंधित दावे का निपटारा कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पंकज रमेश शेडगे अमेरिका के कैलिफोर्निया के इरविन में स्थित एक आईटी कंपनी के वरिष्ठ कर्मचारी थे और उनका वार्षिक वेतन 110,000 अमेरिकी डॉलर था। शेगडे नौ दिसंबर 2022 को पनवेल-मुंब्रा रोड पर अपने स्कूटर से जा रहे थे तभी एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पंकज के परिवार ने बीमा कंपनी से 30 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की थी। दावेदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता जी ए विनोद ने इससे परिवार को हुई भावनात्मक और वित्तीय नुकसान पर जोर दिया। बीमा कंपनी ने 4.50 करोड़ रुपए में दावा निपटाया। इस मामले के अलावा लोक अदालत के दौरान 1.33 करोड़ रुपए, 75 लाख रुपए, 65.40 लाख रुपए, 62 लाख रुपए तथा 56.80 लाख रुपए सहित विभिन्न राशियों के दावों का निपटारा किया गया। निपटान चेक दावेदारों को एक औपचारिक समारोह के दौरान प्रदान किए गए। लोक अदालत में सुशील मोहन सावंत की मृत्यु के लिए 1.33 करोड़ रुपए के दावे का निपटारा भी किया गया। पिछले साल मार्च में एक कंप्यूटर कंपनी में मैनेजर 46 वर्षीय सावंत के काम पर जाने के दौरान एक बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। उनके परिवार के सदस्यों ने बीमा कंपनी से दो करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की थी।

# माझी वसुंधरा अभियान में ठाणे मनपा का तीसरा स्थान

## 6 करोड़ रुपए पुरस्कार की घोषणा

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

राज्य सरकार की ओर से स्थानीय संस्थाओं के लिए माजी वसुंधरा अभियान में ठाणे मनपा राज्यस्तरीय अमृत समूह में तीसरा स्थान मिला है। इसलिए मनपा को 6 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने के लिए घोषणा राज्य सरकार ने की है। मनपा को यह उपलब्धि पर्यावरण के क्षेत्र में किये गए कार्य व मुख्यमंत्री हरित अभियान के कारण संभव हुआ है। इसमें नागरिकों भूमिका महत्वपूर्ण है।यह बात मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कहा। मिलने वाली पुरस्कार की राशि को पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोग में किया जायेगा, यह



मनपा आयुक्त राव ने स्पष्ट किया। राज्य सरकार पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग प्रकृति से संबंधित पंच तत्वों पृथ्वी, वायू, जल, अग्नी, आकाश पर आधारित माजी वसुंधरा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पिंपरी चिंचवड़ को पहला स्थान, दूसरे स्थान पर नवी मुंबई मनपा और तीसरे स्थान पर ठाणे महानगर पालिका का स्थान है।

# स्टार ऑफ महाराष्ट्र पुरस्कार से सुनील झलके सम्मानित

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

सामाजिक शिक्षा, राजनीति, साहित्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वालों का विशेष रूप से सम्मान करने के लिए हर वर्ष एमसीएम टीवी और साईं सागर एंटरटेनमेंट, नवी मुंबई के संपादक जनार्दन शिंदे की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी पनवेल में मूल क्रांतिवीर नाट्यगृह हॉल में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां भिवंडी के सुनील झलके को पनवेल मनपा में विपक्ष के नेता प्रीतम म्हात्रे और संपादक जनार्दन शिंदे द्वारा इस वर्ष का मानद पुरस्कार देकर सम्मानित



किया गया।

बता दें कि सुनील झलके पिछले कई वर्षों से सामाजिक साहित्य, लेखन, पत्रकारिता, सहकारी कला आदि क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और उन्हें पहले भी विभिन्न संगठनों से कई पुरस्कार मिल चुके हैं। इस संदर्भ में जब झलके से बात की गई तो उन्होंने बता की मेरी माँ पढ़ी लिखी नहीं थीं, फिर भी उन्होंने मुझे साक्षर बनाया और मुझे हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसके कारण आज मुझे यह पुरस्कार मिला है। इसलिए मैं यह पुरस्कार अपनी मां के चरणों में अर्पित करता हूं." इन शब्दों में उन्होंने अपनी मां के प्रति अपना प्यार और सम्मान व्यक्त किया।

पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर हास्य कलाकार जॉनी रावत, राजेश खर्डे, वेसावकर की परंपरा अतुल धोत्रे , बालूमामा फेम पनवेल मनपा की नगर सचिव मनीषा बाविस्कर और कई अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

## कल्याण क्राइम ब्रांच का बड़ा ऑपरेशन

# व्हेल मछली की उल्टी के साथ 3 गिरफ्तार

### 6 करोड़ 20 लाख रुपए है कीमत

**दोपहर संवाददाता । कल्याण**

डोंबिवली में कल्याण क्राइम ब्रांच ने 6 करोड़ 20 लाख रुपये की व्हेल मछली की उल्टी के तस्करी के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों रायगढ़ जिले से डोंबिवली में बिक्री के लिए आए थे और पुलिस ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। गुप्त सूचना के आधार पर सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दत्ताराम भोसले के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आरोपियों के नाम अनिल भोसले (55), अंकुश माली (45) और लक्ष्मण पाटिल (63) हैं। इनके पास से 5 किलो 642 ग्राम वजनी व्हेल मछली की उल्टी जब्त की गई, जिसकी बाजार कीमत करीब 6 करोड़ 20 लाख रुपये है।



### इस तरह हुई गिरफ्तारी

कल्याण क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि कुछ लोग व्हेल उल्टी की अवैध बिक्री के लिए एक कार से बदलापुर पाइप लाइन रोड पर आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर कल्याण क्राइम ब्रांच की टीम ने बदलापुर पाइप लाइन रोड पर जाल बिछाया। जैसे ही संदिग्ध गाड़ी दिखी तो गाड़ी रोकी गई और गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी में व्हेल की उल्टी मिली।

कल्याण क्राइम ब्रांच की टीम ने तुरंत कार में सवार अनिल भोसले, अंकुश माली, लक्ष्मण पाटिल तीनों को हिरासत में लिया और गिरफ्तार कर लिया। सहयोगी पुलिस बल ने आरोपियों के कब्जे से चार पहिया वाहन और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। कल्याण अदालत में पेश करने के बाद अदालत ने आरोपी को 1 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कल्याण क्राइम ब्रांच की टीम इस बात की जांच कर रही है कि ये तीनों उल्टी कहां से लाए और बेचने के लिए कौन लाए थे।

### दोपहर इन्फो

व्हेल मछली की उल्टी को एम्बरग्रीस कहते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह व्हेल के शरीर से निकलने वाला मल यानी अपशिष्ट पदार्थ होता है। व्हेल की आंत से यह पदार्थ निकलता है। समुद्र में यह मछली कई चीजों को खा जाती है। जब वह इन चीजों को नहीं पचा पाती है, तो उगल देती है। एम्बरग्रीस स्लेटी या काले रंग का एक ठोस पदार्थ होता है। एक तरह से यह मोम से बना पत्थर की तरह ठोस पदार्थ होता है। व्हेल मछली के आंत से निकलने वाले इस पदार्थ से गंध निकलती है। लेकिन खुशबूदार परफ्यूम बनाने वाली कंपनियां इसका इस्तेमाल करती हैं। इसकी वजह से परफ्यूम की खूशबू को काफी लंबे समय तक बरकरार रखा जाता है। परफ्यूम बनाने वाली कंपनियां इसे महंगे कीमत पर खरीदती हैं। व्हेल मछली की उल्टी का दवाओं के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। यौन संबंधित समस्याओं के इलाज में भी एम्बरग्रीस का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी वजह से कीमत इतनी अधिक होती है। इसीलिए व्हेल मछली की उल्टी को वैज्ञानिक फ्लोटिंग गोल्ड कहते हैं।

## बांग्लादेशी अभिनेत्री प्रकरण

# पुलिस पीछे पड़ी तो बेटी को छोड़ कतर भागा परिवार

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे के नेवली नाका परिसर में फर्जी कागजातों से नागरिकता हासिल कर रहने वाला बांग्लादेशी शेख परिवार कतर पहुंच गया है। अपनी जान बचाने के लिए परिवार ने अपनी बेटी बन्ना शेख को छोड़कर भागा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अभिनेत्री परिवार के साथ कई साल से शहर के आसपास के इलाकों में किराए के मकान में रहती थी। बन्ना शेख के भारतीय नागरिकता लेने के लिए की गई जालसाजी का भंडाफोड़ होने के बाद सुरक्षा विशेषज्ञों ने इसे देश के लिए गंभीर खतरा बताया है। उनका कहना है कि ऐसे नागरिकता हासिल कर लेना26/11 जैसी आतंकी घटनाओं की पुनरावृत्ति को न्योता है।



### संवेदनशील मामला

डीसीपी सुधाकर पठारे ने बताया कि यह मामला संवेदनशील है और हम इसकी हर एंकल से जांच कर रहे हैं। बन्ना शेख के परिवार का अंतिम लोकेशन कतर का मिला है। जहां से उन्हें वापस लाने की हम तैयारी कर रहे हैं। ठाणे में पकड़ी गई बांग्लादेशी अभिनेत्री का मामला बेहद ही गंभीर है। अवैध तरीके से रहनेवाले विदेशी मुंबई के साथ-साथ पूरे देश के लिए खतरा हैं। इसके लिए हमारी व्यवस्था भी जिम्मेदार है, जो बिना जांच किये विदेशी लोगों को जरुरी दस्तावेज बनाकर दे देते हैं। फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### गुप्तचर एजेंसियों की नाकामी

एक पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि ऐसे लोगों का देश में प्रवेश करना और फिर सालों से पहचान बदलकर रहना हमारी गुप्तचर एजेंसियों की नाकामी है। ऐसे लोगों को ही खोजकर उनका इस्तेमाल दुश्मन देश की एजेंसियां करती हैं और देश में आतंकी हमले होते हैं।

### घुसपैठ से देश में प्रवेश

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बन्ना शेख और उसका परिवार 2008 में घुसपैठ के जरिये पश्चिम बंगाल के रास्ते भारत में आया था।करीब 4 साल तक पश्चिम बंगाल में रहने के बाद 2012 में महाराष्ट्र आया और ठाणे के भायंदर में रहने लगा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अरविन्द बर्डे से हुई थी,जिस पर आरोप है किउसी ने शेख परिवार को अपना नाम देकर नकली कागजात बनवाए।करीब 1 साल बाद बन्ना शेख के परिवार ने अपना ठिकाना बदल दिया।2013 में नवी मुंबई के कोपरखैरणे,2014-15 में नेरुल, 2015-2022 तक उल्वे में ठिकाना बदलकर रह रहा था। 2022 में बन्ना का परिवार ठाणे जिले के नेवली नाका इलाके में आया। यह भी पढ़े -विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए कैसे उठाएं कदम, स्कूली शिक्षा विभाग ने जारी किये दिशा-निर्देश

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ मामला

# दोषी को तीन साल का सश्रम कारावास

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को 14 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। भिवंडी सत्र अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन के करांडे ने 30 वर्षीय आरोपी को भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी पाया। न्यायाधीश ने 26 सितंबर को पारित आदेश में दोषी पर 2,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक विजय एम मुंढे ने अदालत को बताया कि आरोपी उसी इलाके में रहता था, जहां लड़की रहती थी। उनके अनुसार, सितंबर 2021 में दोषी ने लड़की को किसी बहाने से अपने घर बुलाया और उसे गलत तरीके से छुआ। लड़की ने इस बारे में अपने माता-पिता को बताया और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## 2 अक्टूबर को कोपरी पूर्व में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

नौपाडा कोपरी प्रभाग समिति के अंतर्गत लायंस क्लब व राजस्थान प्रगती मंडल की ओर से महाराज अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में मुफ्त चिकित्सा जांच 2 अक्टूबर को श्री महादेव शिव मंदिर नियर सिद्धि स्कूल,कोपरी कालोनी में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया है। ब्लड शुगर, स्वास्थ्य जांच, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, कान, दाँत आदि का जांच किया जाएगा। समाज सेवक व राजस्थान प्रगती मंडल के अध्यक्ष राकेश मोदी ने सभी नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में जांच का लाभ लेने का आवाहन किया है।

# 1 हजार से ज्यादा नवी मुंबईकरों ने 'स्वच्छता रन' में लगाई दौड़

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

शनिवार को 1000 से अधिक नवी मुंबईकरों ने 'स्वच्छता रन' में हिस्सा लिया। नवी मुंबई नगर निगम की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े में 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' अभियान के तहत आयोजित सभी गतिविधियों को नागरिकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे की संकल्पना पर मनपा के प्रतिष्ठित मुख्यालय भवन के सामने आयोजित 'स्वच्छता रन' में भारी बारिश के बावजूद एक हजार से अधिक नागरिक बड़े उत्साह से दौड़े।

### 22 सितंबर को हुआ था साइक्लोथॉन का आयोजन



इससे पहले इसी स्थान पर 22 सितंबर को साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया था। उसमें भी 500 से अधिक साइकिल चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आज भी स्वच्छता दौड़ में बारिश के बावजूद एक हजार से अधिक नागरिकों ने मनपा मुख्यालय से वजीराणी स्पोर्ट्स क्लब और वहां से वापस मुख्यालय तक दौड़ लगाई। इस अवसर पर विधायक गणेश नाईक, मनपा आयुक्त डॉ। कैलास शिंदे, महाराष्ट्र सरकार के स्वच्छ महाराष्ट्र मिशन के मिशन निदेशक नवनाथ वाथ, अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार और शिरीष आर्दवाड, पूर्व विधायक संदीप नाइक के साथ ही मनपा के विभागाध्यक्ष और अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला का आयोजन

## 23 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में हुआ चयन

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर में भादवड़ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हाल ही में रोजगार मेला संपन्न हुआ। इस योजना रोजगार मेले से आईटीआई डिग्री डिप्लोमा और स्नातकोत्तर शिक्षा वाले विभिन्न उम्मीदवारों को लाभ हुआ है। यह कार्यक्रम आईटीआई भिवंडी की पहल और जिला कौशल रोजगार और उद्यमिता कार्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया था। गाला इंडस्ट्रीज वाडा, योक टेक्सटाइल्स, ब्लेज़ो टेक्सटाइल्स, एसआई इलेक्ट्रिकल और अन्य कंपनियों ने भी रोजगार के लिए उत्सुक उम्मीदवारों के लिए स्थान प्रदान करके इस बैठक



में भाग लिया। इस रोजगार मेले में उपस्थित 48 अभ्यर्थियों में से विभिन्न कंपनियों से 23 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आईटीआई प्रिंसिपल सीमा महाजन ने अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के फायदे बताए। कार्यक्रम का संचालन विजय जाधव ने किया और संस्था के सभी कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

# डॉ.संजय गुप्ता समर्थकों के साथ वंचित बहुजन आघाडी में आज करेंगे प्रवेश



**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर शहर भाजपा में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों में आपसी कलह व हिंदी भाषी भवन बनाने को लेकर लेकर सिर्फ झूठे आश्वासन देने वाले विधायक से तंग आकर डॉ.संजय गुप्ता ने भाजपा को राम राम कर दिया है। आज वे उल्हासनगर कैंप नंबर तीन के सपना गार्डन परिसर में बनाए गए सिंधु भवन में अपने समर्थकों के साथ सुजात आंबेडकर की उपस्थिति में वंचित बहुजन आघाडी में प्रवेश करेंगे।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** रास्ता कठिन हो तब भी आगे बढ़ते रहो : जूलिया गिलार्ड

न्यूज़ ब्रीफ

## मुंबई हवाई अड्डे पर मगरमच्छ के पांच बच्चे जब्त



### दो यात्री हिरासत में

दोपहर संवाददाता | मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों को कथित तौर पर 'कैमन' प्रजाति के मगरमच्छ के बच्चों की तस्करी के प्रयास में पकड़ा गया है। सीमा शुल्क विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुंबई सीमा शुल्क विभाग की हवाई खुफिया इकाई (एआईयू) ने शुक्रवार देर रात दो यात्रियों को रोका। ये दोनों यात्री बैंकॉक (थाईलैंड) से विस्तारा की उड़ान से यहां पहुंचे थे।

### अमेरिका की मूल मगरमच्छ प्रजाति है 'कैमन'

उन्होंने बताया कि उनके हाथ में लिए थैले में टूथपेस्ट के डिब्बों में मगरमच्छ के पांच बच्चे मिले। अधिकारियों ने बताया कि करीब से पांच से सात इंच लंबे मगरमच्छ के बच्चे निर्जलीकरण से प्रभावित प्रतीत हो रहे थे। उन्होंने बताया कि उनका उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डा और वन्यजीव प्राधिकरण, एयरलाइन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि वन्यजीव अधिनियम के तहत निर्धारित नियमों के अनुसार मगरमच्छ के इन बच्चों को वहां भेजा जा सके जहां से इन्हें तस्करी कर लाया गया। 'कैमन' अमेरिका की मूल मगरमच्छ प्रजाति है जो झीलों, नदियों और दलदलीय क्षेत्रों में पाया जाता है।

## देसी पिस्तौल और कारतूस रखने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के पवई उपनगर में देसी पिस्तौल और कारतूस रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने शुक्रवार को जाल बिछाया और दोनों को पकड़ लिया जो कथित तौर पर किसी को हथियार देने के लिए यहां आए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी सचिन फूलचंद किशवाह (18) और अमर कुमार बादशाह नाई (23) पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के कटनी के रहने वाले हैं। अधिकारी ने बताया कि टीम ने दोनों के पास से दो देसी पिस्तौल, चार कारतूस और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई पुलिस की मॉक ड्रिल

## त्योहारी सीजन को लेकर हाई सिक्योरिटी अलर्ट जारी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस ने आगामी त्योहारों और चुनावों के मद्देनजर शहर के धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को मुंबई के विभिन्न हिस्सों में मॉक ड्रिल आयोजित की, जिसमें भाऊचा धक्का, बरकत अली रोड, जुहू का इस्कॉन मंदिर, और जावेरी बाजार जैसे प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा तैयारियों का परीक्षण किया गया। यह मॉक ड्रिल इसलिए की गई ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तत्परता को सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान यह भी देखा गया कि कहीं कोई सुरक्षा में खामी तो नहीं है, जिससे समय रहते उन्हें दूर किया जा सके।



### संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की हिदायत दी

मुंबई पुलिस ने सभी धार्मिक स्थलों, खासकर मंदिरों, को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की हिदायत दी है। त्योहारों के समय इन स्थानों पर भारी भीड़ इकट्ठी होती है, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से खतरे की संभावना अधिक रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्यरत है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### पुलिस ने नागरिकों से भी सहयोग मांगा

शहर में बढ़ती सुरक्षा तैयारियों के बीच, पुलिस ने नागरिकों से भी सहयोग मांगा है। शुक्रवार को जारी की गई एक नियमित निषेधाज्ञा में कहा गया कि असामाजिक और विध्वंसक तत्व आवासीय क्षेत्रों में छिपने की कोशिश कर सकते हैं। इसके चलते सार्वजनिक शांति भंग होने और लोगों के जीवन को खतरा उत्पन्न होने की आशंका जताई गई है। साथ ही, निजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचने का भी खतरा है। इसे रोकने के लिए मकान मालिकों और अन्य लोगों से, जिन्होंने अपने घरों, होटल, गेस्ट हाउस, और मुसाफिरखानों को किराये पर दिया है, से अपील की गई है कि वे अपने किरायेदारों की जानकारी तुरंत पुलिस के नागरिक पोर्टल पर उपलब्ध कराएं। मुंबई पुलिस का यह कदम सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी को भी बढ़ावा देता है। त्योहारों और चुनावों के समय जब भीड़भाड़ होती है, तब सुरक्षा के लिए सामूहिक सतर्कता बेहद आवश्यक हो जाती है।

मुबंई यूनिवर्सिटी सीनेट चुनाव

## 'यह तो बस ट्रेलर, विधानसभा में दिखेगी पूरी पिक्चर'



### आदित्य ठाकरे ने कसा तंज

**मुंबई।** मुंबई यूनिवर्सिटी के सीनेट चुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में 10 सीटों पर कुल 28 उम्मीदवार खड़े हुए थे। इसमें युवा सेना और एबीवीपी ने सभी दस सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। तो वहीं छात्रभारती ने 4 जबकि राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने एक उम्मीदवार खड़ा किया था। मुंबई यूनिवर्सिटी के सीनेट चुनाव में आरक्षित वर्ग की 5 सीटों सहित सभी 10 सीटों पर युवा सेना ने धमाकेदार जीत दर्ज की। वहीं बीजेपी से संबंधित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) सहित अन्य सभी संगठनों का सूपड़ा साफ हो गया। इस जीत के बाद मातोश्री में बहुत बड़े जश्न का आयोजन किया गया, जिसमें वरुण सरदेसाई जैसे युवा सेना के नेता पार्टी समर्थकों के साथ थिरकते नजर आए। आदित्य ठाकरे भी कुछ देर के लिए इसमें शामिल हुए और उन्होंने अपने भाई तेजस और मां रश्मि ठाकरे के चेहरों पर गुलाल लगाया, जो जीत के जश्न में शामिल थे। शनिवार को जश्न के दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि मुंबई विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव में सभी सीट पर युवा सेना की जीत तो बस शुरुआत है और इस तरह की जीत आगामी विधानसभा चुनाव में भी दोहराई जाएगी।

### मुंबई के बाहर भी इसका असर

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के आवास 'मातोश्री' के बाहर जश्न मनाते पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि मुंबई यूनिवर्सिटी के सीनेट चुनाव के लिए मतदान केवल मुंबई में ही नहीं हुआ, बल्कि ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में भी मतदान हुआ और यह जीत उनकी पार्टी के प्रभाव को दर्शाती है। आदित्य ने कहा कि "हमने दिखा दिया है कि जीत क्या होती है। यह शुरुआत है।

### छात्रों के लिए हेल्पलाइन स्थापित होगी

आदित्य ठाकरे इस दौरान घोषणा की कि छात्रों और स्नातकों के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की जाएगी। सीनेट मुंबई विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निर्वाचित निर्णय लेने वाला निकाय और निगरानी संस्था है जिसमें शिक्षकों, प्राचार्यों और कॉलेज प्रबंधन के साथ-साथ पंजीकृत स्नातकों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसे विश्वविद्यालय का बजट पारित करने का अधिकार है।

## ठाकरे की शिवसेना के 60 उम्मीदवारों की सूची तैयार

### विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने जानकारी दी



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का महासंग्राम शुरू हो चुका है और कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। महाविकास अघाड़ी का सीटों का बंटवारा भी अंतिम चरण में है। ऐसे में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने जानकारी दी है कि ठाकरे की शिवसेना के 60 उम्मीदवारों की सूची तैयार है। अब कौन कहां से लड़ेगा? यही सवाल बचा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि पहली सूची की घोषणा नवरात्रि के दौरान की जाएगी।

### नवरात्रि में पहली लिस्ट

अंबादास दानवे ने यह भी कहा कि ठाकरे गुट की सूची में नामित उम्मीदवारों को विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। पहली सूची की घोषणा नवरात्रि के दौरान होने की संभावना है। इतना ही नहीं छत्रपति संभाजीनगर के बीजेपी पदाधिकारियों ने भी दावा किया कि ठाकरे गुट रास्ते में है।

### ठाकरे से वन-टू-वन चर्चा

दानवे ने कहा कि ठाकरे सेना की 288 लोगों की सूची तैयार है। कई जगहों पर एक-दो-तीन लोगों के नाम हैं। हमारी पार्टी की सूची तैयार है। सभी सर्वे, सारी जानकारी, संपर्क प्रमुख, विधानसभा प्रमुख, जिला प्रमुख के साथ उद्धव ठाकरे ने व्यक्तिगत बैठकें की हैं। अंबादास दानवे ने कहा कि एस्टीमेट ले लिया गया है। अंबादास दानवे ने कहा कि पिछली बार हमने 60 विधानसभा सीटें जीती थीं। कोई भी पार्टी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहती। उम्मीदवार को समझना चाहिए कि वह चुनाव लड़ना चाहता है। दानवे ने यह भी कहा कि शिवसेना में कई लोग समझ गए हैं और काम करना शुरू कर दिया है।

### ठाकरे गुट की राह पर बीजेपी नेता

अंबादास दानवे ने बताया कि जैसा कि बीजेपी नेता अमित शाह ने कहा, यह नहीं पता कि वह छत्रपति संभाजीनगर की 30 सीटों पर लड़ेंगे या नहीं, लेकिन उन्होंने फ्रंट कार्यकर्ताओं को जोड़ने और बूथ मजबूत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसके उलट हमने उनके नेताओं को तोड़ लिया है। वैजापुर, संभाजीनगर पश्चिम के सभी भाजपाई हमारे पास आए।

## महावितरण की वेबसाइट को मिली भारी प्रतिक्रिया

### चौदह दिनों में 1 लाख 22 हजार किसानों ने कराया पंजीकरण

दीपक पवार | मुंबई

उपमुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मा. महावितरण के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्रा ने कहा कि देवेंद्र फड़नवीस द्वारा शुरू की गई महावितरण की वेबसाइट को भारी प्रतिक्रिया मिली है और केवल चौदह दिनों में 1 लाख 22 हजार किसानों ने इस पर पंजीकरण कराया है।



### किसानों के लिए सोलर कृषि पंप योजना शुरू

राज्य सरकार ने किसानों के लिए मैगल ऐ सोलर कृषि पंप योजना शुरू की है. इसके लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। महावितरण ने इस योजना से लाभ उठाने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम बनाने के लिए एक वेबसाइट बनाई है और इसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा किया गया था। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा 13 सितंबर को मुंबई में इसका समारोह पूर्वक समापन किया गया। उसके बाद सिर्फ 14 दिन में. 27 सितंबर तक राज्य के 1,22,421 किसानों ने वेबसाइट पर आवेदन दाखिल किया था. उनसे पूछें सौर कृषि पंप योजना में वेबसाइट पर आवेदन जमा करने में जालना जिले ने बाजी मारी है। जालना जिले से 52,067 आवेदन दाखिल किये गये हैं. इसके बाद राज्य में बीड (24,526 आवेदन), परभणी (15,043 आवेदन), छत्रपति संभाजीनगर (6,888 आवेदन) और हिंगोली (5,079 आवेदन) जिले हैं।

## ब्राह्मण विरोधी नहीं थे महात्मा फुले: छगन भुजबल

राजा अदाटे | मुंबई/नासिक

नासिक के मुंबई नाका स्थित सावित्रीबाई फुले चौक पर भव्य स्मारक में महात्मा जोतीराव फुले एवं ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले की कांस्य की अर्धाकृती सबसे बड़ी प्रतिमा के अनावरण किया गया। मंत्री छगन भुजबल की संकल्पना से तैयार किए गए इस स्मारक एवं प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार के अलावा राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री छगन भुजबल भी मौजूद रहे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने इस मौके पर कहा कि महात्मा जोतीराव फुले ब्राह्मण विरोधी नहीं थे बल्कि उन्होंने ब्राह्मणवाद का विरोध किया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि सावित्रीबाई फुले एक कवयित्री थीं। ज्योतिबा और सावित्रीबाई ने यशवंत नाम के एक ब्राह्मण के बेटे को गोद लिया था।



### सावित्रीबाई फुले सामाजिक समानता के प्रतीक

इस मौके पर इस मौके पर सीएम शिंदे ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले और ज्ञानज्योती सावित्रीबाई फुले सामाजिक समानता के प्रतीक हैं। उन्होंने किसानों, मेहनतकशों, महिलाओं और श्रमिकों के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका कार्य महाराष्ट्र के साथ-साथ विश्व के लिए भी सराहनीय है। महापुरुषों के स्मारक प्रेरणा, ऊर्जा और मार्गदर्शन देते हैं।

### प्रधानमंत्री रखेंगे राष्ट्रीय स्मारक की आधारशिला

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि फुले ने समाज में व्याप्त मतभेदों और असमानताओं के खिलाफ जाकर दुनिया को जीतने का काम किया। इस व्यवस्था को तोड़ने में सावित्रीबाई को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आज हमारी महिला बहनें हर क्षेत्र में आगे हैं। एक बड़े संघर्ष के बाद भिडे वाडा को मुक्त कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को पुणे में फुले के राष्ट्रीय स्मारक की आधारशिला रखेंगे।

## 8498 करोड़ रुपए की झुग्गी पुनर्वास योजना को मंजूरी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने घाटकोपर पूर्व में रमाबाई आंबेडकर नगर और कामराज नगर में 8,498 करोड़ रुपये की झुग्गी पुनर्वास योजना को मंजूरी दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कदम महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उठाया गया है। राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव संभावित हैं।



### परियोजना की मुख्य विशेषताएं

- कुल प्लॉट क्षेत्रफल : 31.82 हेक्टेयर
- कुल परियोजना लागत : 8498 करोड़ रुपये
- झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लाभार्थी : लगभग 17,000
- यह प्रोजेक्ट 48 महीने में लागू होगा।
- पात्र झुग्गीवासियों को मुफ्त फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे
- उद्यान, स्वास्थ्य केंद्र और शैक्षिक सुविधाएं जैसी बुनियादी संरचना प्रदान करें
- इस योजना में ईस्टर्न फ्रीवे का विस्तार भी शामिल है
- इस क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है

### परियोजना के 48 महीनों में पूरा होने की उम्मीद

इस परियोजना के 48 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री शिंदे के हवाले से कहा गया है कि यह पहल बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देते हुए झुग्गीवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 158वीं बैठक

जारी एक विज्ञप्ति में एमएमआरडीए ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 158वीं बैठक के दौरान झुग्गी पुनर्वास योजना को मंजूरी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'यह परियोजना स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के सहयोग से क्रियान्वित की जाएगी और इसका उद्देश्य सतत शहरी विकास को बढ़ावा देते हुए लगभग 17,000 झुग्गीवासियों का पुनर्वास करना है। 31.82 हेक्टेयर में फैली इस योजना के तहत पात्र निवासियों को 300 वर्ग फीट का एक कमरे का मकान निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इससे उद्यान, स्वास्थ्य केंद्र और शैक्षिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे में भी सुधार होगा।'

## ठाणे, कल्याण, विरार इलाके में म्हाडा के 7 हजार घरों की दिवाली बंपर

**मुंबई।** म्हाडा के मुंबई मंडल की हाउस लॉटरी जहां 8 अक्टूबर को घोषित की जाएगी, वहीं म्हाडा के कोंकण मंडल के लगभग 8 हजार घरों की लॉटरी अक्टूबर के पहले सप्ताह में निकाली जाएगी। कोंकण मंडल से लोगों को दिवाली बंपर मिलेगी।




### 20 प्रतिशत योजना में 913 आवासों की लॉटरी 3 अक्टूबर को

3 अक्टूबर को, ठाणे में 20 प्रतिशत योजना में 913 घरों को पहले आओ पहले प्राथमिकता योजना के तहत विज्ञापित किया जाएगा। 8 अक्टूबर को म्हाडा योजना के करीब 7 हजार घरों की लॉटरी निकाली जाएगी। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता घोषित होने से पहले राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है। म्हाडा की मुंबई मंडल लॉटरी के बाद कोंकण मंडल लॉटरी की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। बोर्ड के माध्यम से दो लॉटरी निकाली जाएंगी। इसमें पहले आओ पहले प्राथमिकता वाली लॉटरी का विज्ञापन 3 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। इसमें म्हाडा को निजी बिल्डरों से मिले 913 मकानों को शामिल किया गया है। इसमें ठाणे, टिटवाला, वसई इलाके के घर शामिल होंगे। म्हाडा के सूत्रों ने बताया कि इन घरों की कीमत 20 लाख के करीब है।

संपादकीय

# निर्लज्ज वकालत

यह ज्यादा पुरानी बात नहीं है। पिछले ही माह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को नसीहत दी थी कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था। उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए। वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो। इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी। सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे। संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है। जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था। जैसे वे अक्षम्य अपराध के अपराधी नहीं बल्कि समाज के नायक हों। उल्लेखनीय है कि इस कांड के दोषियों को रिहा करने के चौंकाने वाले फैसले पर विवाद होने और न्यायिक सक्रियता के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इस मामले में न केवल राजनीतिक स्तर पर विरोध हुआ बल्कि पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई का कड़ा प्रतिवाद किया था। पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई को अपनी सुरक्षा के लिये खतरा बताते हुए न्यायिक संरक्षण की मांग की थी। इसके बावजूद राज्य सरकार इस मामले में लगातार बचाव करती रही है। अब इस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली राज्य सरकार की कोशिश को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है। इस कोशिश से संदेह करने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती कि राज्य के अधिकारियों ने दो साल पहले सजा माफी के लिये आधार तैयार करने के लिये तथ्यों को छिपाकर अदालत की दूसरी पीठ को भ्रमित किया था। उल्लेखनीय है कि पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अदालती सुनवाई गुजरात से बाहर करने की मांग की थी। उन्हें आशंका थी कि यदि राज्य में मामले में मुकदमा चलता है तो गवाहों पर दबाव बनाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है। इन्ही बातों के मद्देनजर इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषियों को सजा सुनाई गई थी। निश्चित रूप से इस मामले में माफी आदेश पारित करने का अधिकार भी सिर्फ और सिर्फ महाराष्ट्र सरकार का था। जबकि येन-केन-प्रकारेण गुजरात सरकार ने यह अधिकार हथिया लिया। इसी कड़ी में कालांतर केंद्र सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे लोगों की समय पूर्व रिहाई पर अपनी मोहर लगा दी थी। अब जब एक बार फिर गुजरात सरकार ने इस मामले में मुंह की खाई है तो निश्चित रूप से इस घटनाक्रम ने उसे आत्मनिरीक्षण करने को बाध्य किया होगा। वहीं दूसरी ओर गुजरात सरकार को प्रधानमंत्री के वे शब्द नहीं भूलने चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था- ‘हमें महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों में डर की भावना पैदा करने की जरूरत है।’ अब चाहे कोई भी राज्य सरकार हो, उसे अपराधियों को संरक्षण देते नजर नहीं आना चाहिए। निश्चित रूप से इससे सरकार की विश्वसनीयता पर आंच ही आएगी। वहीं दूसरी ओर सरकारों की ऐसी भूमिका से अपराधियों का हौसला ही बढ़ेगा। सरकारों का दायित्व बनता है कि वे धर्म व जाति की सीमाओं से परे पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की ईमानदार कोशिश करें। साथ ही समाज में न्याय होता नजर भी आना चाहिए।

## शख्सियत | सरोश होमी कपाड़िया

### ज्ञान, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के धनी न्यायधीश



सरोश होमी कपाड़िया एक भारतीय न्यायाधीश थे, जिन्होंने 12 मई, 2010 से 28 सितंबर, 2012 तक भारत के 38वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। 29 सितंबर, 1947 को मुंबई के एक मामूली पारसी परिवार में जन्मे कपाड़िया का परिवार बहुत ही साधारण परिवार से था। उनका प्रारंभिक जीवन आर्थिक संघर्षों से भरा था, लेकिन उनके दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत ने उन्हें भारतीय न्यायपालिका में महान ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

कपाड़िया ने एक लॉ फर्म में क्लर्क के रूप में अपना करियर शुरू किया, अपनी शिक्षा का खर्च उठाने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने काम करते हुए कानून की पढ़ाई की, जिसमें समर्पण और दृढ़ता की भावना दिखाई दी। 1974 में, उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक वकील के रूप में नामांकन करके अपने कानूनी करियर की शुरुआत की, जहाँ उन्होंने सिविल, आपराधिक और संवैधानिक कानून का अभ्यास किया। कानूनी पेशे के प्रति उनके ज्ञान, ईमानदारी और प्रतिबद्धता ने उन्हें अपने साथियों के बीच सम्मान दिलाया। 1991 में, कपाड़िया को बॉम्बे हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने अपने तीक्ष्ण कानूनी दिमाग और न्याय के प्रति अपने संतुलित दृष्टिकोण के लिए पहचान हासिल की। 2003 में, उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया, जहाँ उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों को संभाला, जिनमें जटिल कर कानून, पर्यावरण संबंधी मुद्दे और संवैधानिक मामले शामिल थे। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में, उन्होंने न्यायपालिका में सुधार और न्यायिक प्रणाली की पारदर्शिता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कपाड़िया के ऐतिहासिक फैसलों में से एक वोडाफोन कर मामले में था, जहाँ उन्होंने सरकार के राजस्व हितों पर कानूनी सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया। उनके फैसले स्पष्टता, गहराई और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता से चिह्नित थे।

कपाड़िया 2012 में मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुए और उन्हें उनकी ईमानदारी, विनम्रता और कानून के शासन के प्रति समर्पण के लिए याद किया जाता रहा। 4 जनवरी, 2016 को उनका निधन हो गया, लेकिन वे न्यायिक उत्कृष्टता और नैतिक आचरण की ऐसी विरासत छोड़ गए जो भारत में कानूनी बिरादरी को प्रेरित करती रहती है।

# अपराध को लुभावना बनाता सोशल मीडिया

हमारे यहां बड़ी संख्या में बच्चे और किशोर सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने खुलासा किया कि बहुत से किशोर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के हथियारों के साथ फोटो डालते हैं। वे इसे अपना विशेषाधिकार भी मानते हैं। पुलिस ने ऐसे पचास सोशल मीडिया अकाउंट्स को चिन्हित किया, जिसमें अधिकतर किशोर और बच्चे हैं। इनकी उम्र बीस साल या उससे कम है। ये वीडियोज़ में खुलेआम हथियार लेकर लोगों को धमका रहे हैं। गोलियां चला रहे हैं। चाकू दिखा रहे हैं। पुलिस ने इन्हें दक्षिण दिल्ली के संगम विहार, टिगरी, फतेहपुर बेरी, महरौली, नेब सराय आदि स्थानों से पकड़ा है। पुलिस ने जब इन लोगों के सोशल मीडिया प्रोफाइल्स को स्कैन किया तो पाया कि ये लोग सालों से ऐसा कर रहे हैं। इन पचास लोगों की पहचान करने के लिए पुलिस ने करीब एक हजार सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगाले और पाया कि इनमें से कई नकली हथियारों को भी दिखाते हैं व लोगों को डराते हैं। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो पता चला कि ऐसा करके वे रोमांच महसूस करते हैं। इसके अलावा अपने इलाके में अपनी ताकत को दिखाना चाहते हैं। जो वीडियो ये पोस्ट करते हैं, उनमें ऐसे गाने भी होते हैं, जो हथियारों के प्रयोग को बढ़ा-चढ़ाकर ग्लैमराइज करते हैं। लोगों को हथियार रखने और उनका प्रयोग करने के लिए उकसाते हैं। पुलिस के पूछने पर कइयों ने खुश होते और हंसते हुए यह भी कहा कि इससे उनके फालोअर्स भारी संख्या में बढ़ते हैं। कभी यदि इन्हें पकड़ा भी जाता है, तो इनके साथी इनके जेल जाने, अदालतों में पेशी और जेल से बाहर आने के भी वीडियो बनाते हैं। जेल से बाहर आने पर जश्न मनाने के वीडियो भी बनाए जाते हैं और उन्हें पोस्ट किया जाता है। दूसरों का अपमान करने, डराने, धमकाने, मारपीट करने के भी वीडियो पोस्ट किए जाते हैं। इनके अनुसार ऐसे वीडियो इनके इलाके में इनका प्रभाव बढ़ाते हैं। इनमें से कइयों के तीस हजार तो एक के लाखों फालोअर्स तक हैं। ऐसे वीडियो पोस्ट करने के बाद फालोअर्स की संख्या बेतहाशा बढ़ जाती है। और बहुत से युवा इनकी नकल करने की कोशिश भी करते हैं। यही नहीं, कई तो अपराध करने से पहले भी वीडियो पोस्ट करते हैं। ये अपराध हत्या करने तक के हो सकते हैं। एक युवा ने तो वीडियो में बताया कि वह यह अपराध करने जा रहा है, और कब करेगा इसकी जानकारी भी दी। यह भी कहा कि वह कब तक जेल से बाहर आ जाएगा। इन लोगों को बहुत-से कानूनों के बारे में भी पता है जैसे कि चाकू का प्रयोग करने पर आर्म्स एक्ट नहीं लग सकता। इनमें से अधिकांश वे हैं जिन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। माता-पिता ने भी इनकी कोई खास परवाह नहीं की। पुलिस इन्हें जागरूक करने का अभियान भी चला रही है। ये सब बातें कितनी भयावह लगती हैं। पुलिस ने जो कारण बताए वे भी गौर करने लायक हैं। जैसे कि इन युवाओं ने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। यानी कि इन्हें लगा कि पढ़ने-लिखने से कोई फायदा नहीं है। फिर समाज में यह भी है कि जिसके पास हथियार हैं, जो मारपीट कर सकता है, उससे लोग यूं ही डरने लगते हैं। आखिर किसे अपनी जान प्यारी नहीं है। यूं भी हमारे तमाम प्रचार माध्यम हिंसा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। हालीवुड से लेकर बालीवुड तक बात-बात में मारपीट और हथियारों का प्रयोग मामूली बात है। हम लोग चाहे जितना अहिंसा का जाप करें, लेकिन समाज हिंसा और हिंसक व्यक्ति की पूजा करता है। जैसा कि इन लोगों ने बार-बार कहा कि वे अपने इलाके में प्रभाव बढ़ाना चाहते थे। जाहिर है कि इनकी चाहना यही थी कि लोग इनसे डरें और इनका लोहा मानें। फिर सोशल मीडिया पर वीडियो



क्षमा शर्मा

पोस्ट करके ये रातोरात अपने फालोअर्स भी बना लेते थे और लोकप्रियता के नशे में थे। वैसे भी हिंसा और अपराध लोगों को बहुत आकर्षित करते हैं। वे कार्यक्रम जिनमें हिंसा और सैक्स का बोलबाला होता है, रातोरात चर्चित हो जाते हैं। ऐसी फिल्में भी खूब चलती हैं। यहां तक कि ऐसी किताबें और पत्रिकाएं भी एक जमाने में रिकार्डतोड़ बिक्री करती रही हैं। व्यापार का नियम मुनाफा ही होता है, वह चाहे जैसे कमाया जाए।

राजनीति भी इनसे परे नहीं है। बहुत से अपराधी जेल से ही चुनाव लड़ते हैं और जीत जाते हैं। बहुत से जीतने वालों के नाम ढेर सारे अपराध भी दर्ज हैं।

हर हाल में सफलता चाहिए। सफलता मिलने के बाद कोई यह नहीं देखता कि वह कैसे मिली क्योंकि दुनिया में सफलता के ग्राहक ढेर से हैं और असफलता का कोई नहीं। इसलिए अगर ये किशोर हथियारों, अपराध और मारपीट के जरिए सफलता की सीढ़ियां चढ़ना चाहते हैं, तो यह जरूर सोचना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों है। अपराध इतना लुभावना क्यों है। दूसरी बात जो पुलिस ने बताई कि इन किशोरों को माता-पिता की देखभाल कभी नहीं मिली। हो सकता है कि माता-पिता का प्यार अगर इन्हें मिला होता, इनकी ठीक से देखभाल की गई होती, माता-पिता ने इन्हें समय दिया होता, इनकी सुनी होती तो शायद ये अपराध और हथियारों को अपना भगवान न मानते। उनकी आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं रही होगी कि सारा काम छोड़कर इन पर ध्यान दे सकें। लेकिन यह जरूर है कि जब इन्होंने पढ़ाई छोड़ी थी, उस वक्त घर वालों ने इन्हें ऐसा करने से रोका क्यों नहीं। अगर रोकते तो शायद ये ऐसा न करते।

इन किशोरों और युवाओं को देखकर ऐसा तो हो ही सकता है कि माता-पिता को इस बारे में सचेत किया जाए कि वे अपने बच्चों की सही देखभाल करें। वे किस राह पर जा रहे हैं, उस पर नजर रखें। उन्हें कभी डांट से तो कभी प्यार से समझाएं क्योंकि अपराध का रास्ता किसी अच्छी जगह नहीं, अंधेरी गलियों में ही खुलता है, जहां से वापसी असम्भव होती है। कई बार मृत्यु से भी सामना हो सकता है। सोशल मीडिया की लत और रातोरात प्रसिद्ध हो जाने की चाहत, बिना किसी श्रम के, दुखद है।

## जीवन मंत्र

# अच्छे कार्य असली सुंदरता

कौए की समझ में आ गया कि हर हाल में खुश रहना ही अच्छा है। दूसरों से तुलना करके दुखी होना बुद्धिमानी नहीं है। वास्तव में, असली और स्थायी सुंदरता हमारे अच्छे कार्यों से ही पैदा होता है।

हम में दूसरों से तुलना करने की बुरी आदत होती है। ज्यादातर लोग तुलना में ही जीते हैं और इसीलिए दुखी रहते हैं। बहुत पुरानी बात है। जंगल में एक कौआ रहता था। एक दिन उसने खुद को पानी में देखा, तो कुछ ज्यादा चिंतित हो गया। उसने अपने शरीर को बार-बार निहारा। उसने दूसरों के साथ अपनी तुलना का काम शुरू कर दिया। वह सोचने लगा कि पक्षियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं, न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा भी हूं। दूसरे कुछ पक्षियों का भी रंग काले के आसपास है, पर मेरे जैसा काला जंगल में कोई और नहीं है। यह काला रंग मैं छुड़ा भी नहीं सकता। कोशिश करूंगा, तब भी नहीं छूटेगा। ऐसा सोचते-सोचते



उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह बहुत दुखी रहने लगा। एक दिन एक भले बगुले ने उससे उसकी उदासी का कारण पूछ लिया। शुरू में तो कौए ने टालने की कोशिश की, पर बगुला अपने सवाल के साथ पीछे पड़ गया, तब कौआ बोला, तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। तुम सबके इतने सुंदर संसार में मेरा तो जीना ही बेकार है। यह सुनकर बगुला भी उदास हो गया, क्योंकि वह भी अपनी तुलना दूसरों से करता रहता था। बगुले दुख के साथ जवाब दिया, ‘दोस्त मैं कहां सुंदर हूं? मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास उसके जैसे हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है?’ अब कौए में सुंदरता को जानने की उत्सुकता और बढ़ गई। वह तोते के पास पहुंच गया। तोते से बोला, ‘तुम इतने सुंदर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे?’ यह सुनकर तोता भी उदास हो गया, क्योंकि वह भी दूसरों से अपनी तुलना किया करता था। तोता पूरी उदासी के साथ बोला, खुश तो था, लेकिन जब मैंने मोर को देखा है, तब से बहुत दुखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुंदर है। मैं उसकी सुंदरता के सामने कुछ भी नहीं।’ कौआ अब मोर को ढूंढने लगा। जंगल के अन्य पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। मोर वहीं मिलेंगे। अब कौआ उड़कर चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से उसकी बात हुई। कौए ने मोर की तारीफ की और अपने कुरूप होने का रोना रोया, पर यह सुनकर मोर भी रोने लगा। कौए ने पूछा, ‘तुम क्यों रो रहे हो, तुम तो कितने सुंदर हो?’ रोते हुए मोर ने कहा, ‘शुक्र मनाओ कि तुम उतने सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो, वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते।’

कौए की समझ में आ गया कि हर हाल में खुश रहना ही अच्छा है। दूसरों से तुलना करके दुखी होना बुद्धिमानी नहीं है। वास्तव में, असली और स्थायी सुंदरता हमारे अच्छे कार्यों से ही पैदा होता है।

प्रस्तुति : हरीश कुमार, रामगढ़

## जीवन ऊर्जा

जूलिया गिलार्ड : जन्म 29 सितंबर, 1961 | जन्म

# रास्ता कठिन हो तब भी आगे बढ़ते रहो

जूलिया गिलार्ड एक ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिज्ञ, वकील और अधिवक्ता हैं। उनका जन्म 29 सितंबर, 1961 को हुआ। जूलिया ने 2010 से 2013 तक ऑस्ट्रेलिया की 27वीं प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, इस पद पर आसीन होने वाली वह पहली महिला बनीं। गिलार्ड को शिक्षा सुधार, महिला अधिकारों और राजनीति में उनके लचीलेपन के लिए जाना जाता है।

अगर तुम्हें लगता है कि तुम यह कर सकते हो, तो तुम कर सकते हो। हम महिलाओं के प्रति द्वेष को आदर्श नहीं बनने देंगे। आपको इतना आत्मविश्वास होना चाहिए कि जब रास्ता कठिन हो जाए तब भी आगे बढ़ते रहो। मैंने सीखा है कि असली प्रगति असली कार्रवाई करने से आती है। आपके शब्दों की शक्ति केवल उन्हें बोलने के आपके साहस तक ही सीमित है। नेतृत्व का मतलब परिपूर्ण होना नहीं है; इसका मतलब प्रामाणिक होना है। बदलाव कठिन है, लेकिन न बदलना घातक है। आपको अपनी दृष्टि ऊँची रखनी चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, तब भी जब दूसरे आप पर संदेह करें। सफलता इस बात से नहीं मापी जाती कि आप कितनी बार गिरे हैं, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि आप



कितनी बार फिर से उठ खड़े हुए हैं। साहस वह करना है जो आप जानते हैं कि सही है, तब भी जब हर कोई कहता है कि यह गलत है। आप इतिहास को फिर से नहीं लिख सकते, लेकिन आप इससे सीखकर भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। अपने विश्वासों पर दृढ़ रहें, तब भी जब हवा आपके खिलाफ़ चल रही हो। नेता की ताकत उनके पद में नहीं बल्कि उनकी ईमानदारी में होती है। बड़े सपने देखें, कड़ी मेहनत करें और कभी हार न मानें। अगर आप कुछ बड़ा हासिल करना चाहते हैं तो आपको जोखिम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। सच्ची शक्ति दूसरों पर हावी होने के बारे में नहीं है; यह उन्हें ऊपर उठाने के बारे में है। अगर हम आगे बढ़ना चाहते हैं तो हमें हमेशा यथास्थिति को चुनौती देनी चाहिए। आपका लिंग कभी भी आपकी सीमाओं को परिभाषित नहीं करना चाहिए।

भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे अच्छा तरीका इसे बनाना है। लचीलापन बाधाओं पर काबू पाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की कुंजी है। नेतृत्व का मतलब एक दृष्टिकोण निर्धारित करना और उसे प्राप्त करने के लिए लोगों को एक साथ लाना है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवान सूर्य की आराधना सर्वोपरि है

भगवान सूर्य की आराधना सर्वोपरि है अतः प्रत्येक मनुष्य को सूर्य की आराधना अवश्य करना चाहिए। महाराज सत्राजित का भगवान भास्कर में स्वाभाविक अनुराग था। उनके नेत्र कमल तो केवल दिन में भगवान सूर्य पर टकटकी लगाये रहते हैं किंतु सत्राजित की मनरूपी आंखें उन्हें दिन रात निहारा करती थीं। भगवान सूर्य ने भी महाराज को निहाल कर रखा थाउन्होंने ऐसा राज्य दिया था जिसे वे अपनी प्यार भरी आंखों से दिन रात निहारा करते थेइतना वैभव दे दिया थाजिसे देखकर सबको विस्मय होता था और स्वयं महाराज भी विस्मित रहते थे।

इसी विस्मय ने उनमें यह जिज्ञासा जगा दी थी कि वह कौन सा पुण्य है, जिसके कारण यह वैभव उन्हें मिला है। यदि उस पुण्यकर्म का पता लग जाएं तो उसका फिर से अनुष्ठान कर अगले जन्म में इस वैभव को स्थिर बना लिया जाएं।

उन्होंने ऋषि मुनियों की एक सभा एकत्रित कीमहारानी विमलावती ने भी इस अवसर से लाभ उठाना चाहाउन्होंने महाराज से कहानाथ मैं भी जानना चाहती हूं कि मैंने



ऐसा कौन सा शुभ कर्म किया है जिससे मैं आपकी पत्नी बन सकी हूं। महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा पूज्य महर्षियों मैं और मेरी पत्नीदोनों यह जानना चाहते हैं कि पूर्वजन्म में हम दोनों कौन थे और किस कर्म के अनुष्ठान से यह वैभव प्राप्त हुआ है यह रूप और यह कांति भी कैसे प्राप्त हुई है। महर्षि परावर्तन ने ध्यान से देखकर कहा राजन पिछले जन्म में आप शूद्र थे और ये महारानी उस समय भी आपकी ही भार्या थीं उस समय आपका स्वभाव और कर्म दोनों आज से विपरीत थे प्रत्येक को पीड़ित करना आपका काम थाकिसी प्राणी से आप स्नेह नहीं कर पाते थे उत्कट पाप से आपको कोढ़ भी हो गया था। आपके अंग कट कट कर गिरने लगे थेउस समय आपकी पत्नी मलयवती ने आपकी बहुत सेवा की आपके प्रेम में मग्न रहने के कारण वह भूखी प्यासी रहकर भी आपकी सेवा किया करती थी। आपके बंधु बांधवों ने आपको पहले से ही छोड़ रखा था, क्योंकि आपका स्वभाव बहुत ही क्रूर थाआपने क्रूरतावश अपनी पत्नी का भी परित्याग कर दिया था किंतु उस साध्वी ने आपका त्याग कभी नहीं किया। वह छाया की तरह आपके साथ लगी रही अंत में इसी पत्नी के साथ आपने सूर्यमंदिर की सफाई आदि का कार्य आरंभ कर दिया। धीरेधीरे आप दोनों ने अपने को सूर्यभगवान को अर्पित कर दिया। आप दोनों के सेवाकार्य उत्तरोत्तर बढ़ते गयेझाड़ बुहारी लीपनापोतना आदि कार्य करके शेष समय दोनों इतिहास पुराण के श्रवण में बिताने लगे।

एक दिन आपकी पत्नी ने अपने पिता की दी हुई अंगूठी वस्त्र के साथ कथा वाचक को दे दीइस तरह सूर्य की सेवा से आप दोनों के पाप जल गये सेवा में दोनों को रस मिलने लगा थाअतः दिनरात का भान ही नहीं होता था। एक दिन महाराज कुवलाश्व उस मंदिर में आये। उनके साथ बहुत बड़ी सेना भी थीराजा के उस ऐश्वर्य को देखकर आप में राजा बनने की इच्छा जाग उठी यह जानकर भगवान सूर्य ने उससे भी बड़ा वैभव देकर आपकी इच्छा की पूर्ति कर दी है यह तो आपके वैभव प्राप्त करने का कारण हुआ। अब आप में जो इतना तेज है और आपकी पत्नी में जो इतनी कांति आ गयी है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# विषम परिस्थिति

एक युवक को उसके विद्यालय में सहपाठी और शिक्षक बहुत पसंद करते थे, क्योंकि दिव्यांग होने के बावजूद वह मिलनसार और आशावादी युवक था। एक दिन उसके सहपाठी ने उससे पूछा, तुम्हारी इस दिव्यांगता का कारण क्या है? लड़के ने उत्तर दिया- मुझे बचपन में ही पोलियो हो गया था। मित्र ने पूछा, लेकिन इतने बड़े दुर्भाग्य के बावजूद तुम इतनी मुस्कराहट और आत्मविश्वास के साथ संसार का सामना कैसे करते हो? लड़के ने मुस्क राकर जवाब दिया- उस रोग ने सिर्फ मेरे शरीर को छुआ है, मेरे मन और आत्मा को नहीं।

कितनी ही बार हम स्वयं को या अपने परिवार के सदस्यों को छोटी-मोटी तकलीफों की शिकायत करते देखते हैं। हमें कई शारीरिक चुनौतियों से जूझना पड़ता है। कभी कोई रोग, कभी कोई व्याधि, कभी कोई अन्य समस्या। हम आमतौर पर इन मुश्किलों से परेशान होकर शिकायत करते रहते हैं। लेकिन अगर हम आसपास नजर दौड़ाएं, तो देखेंगे कि कितने ही लोग गंभीर रोगों से ग्रस्त हैं। किसी का कोई अंग नहीं है, तो किसी को जानलेवा बीमारी है। इनमें से कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो इन चुनौतियों के बावजूद जिंदगी को भरपूर जीते हैं। क्योंकि वे उस विद्यार्थी की तरह उसका असर अपने मन और आत्मा पर नहीं पडने देते।

## सुविचार



ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# रणथंभौर में सफारी का सफर



कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसी दुनिया में कदम रख रहे हैं जहां राजसी बाघ आज़ादी से घूमते हैं, प्राचीन किले इतिहास की कहानियां सुनाते हैं, और शांत झीलें डूबते सूरज की सुनहरी छटा को दर्शाती हैं। रणथंभौर में आपका स्वागत है, यह वन्यजीव प्रेमियों और रोमांच चाहने वालों के लिए एक स्वर्ग है! खुद को एक रोमांचकारी सफारी की सवारी पर कल्पना करें, जब आप मायावी बंगाल बाघ की एक झलक देखते हैं तो आपका दिल धड़क उठता है। अपने समृद्ध इतिहास, अविश्वसनीय वन्य जीवन और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाने वाला यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और रोमांच के शौकीनों के लिए एक आदर्श स्थान है। यहां रणथंभौर की यादगार यात्रा के लिए नीचे दी गई गाइड आपकी मदद करेगा

## वन्यजीव सफ़ारी एडवेंचर

रणथंभौर की किसी भी यात्रा का मुख्य आकर्षण वन्यजीव सफ़ारी है। यह पार्क बंगाल बाघों की आबादी के लिए प्रसिद्ध है और कई आगंतुक यहाँ एक बाघ को देखने की उम्मीद में आते हैं। बाघों के अलावा, पार्क में तेंदुए, सुस्त भालू, हिरण, जंगली सूअर और कई पक्षी प्रजातियां हैं। **सफ़ारी के दो प्रकार हैं:** जीप सफ़ारी और कैंटर सफ़ारी। एक जीप में छह लोग बैठ सकते हैं, जबकि कैंटर एक बड़ा वाहन है जिसमें लगभग 20 लोग बैठ सकते हैं। सफ़ारी दिन में दो बार आयोजित की जाती है - एक बार सुबह और एक बार दोपहर में। अपनी सफ़ारी को पहले से बुक करना अत्यधिक अनुशंसित है, खासकर पीक सीज़न के दौरान।

## रणथंभौर किले की खोज

वन्यजीवों के अलावा, रणथंभौर अपने रणथंभौर किले के लिए भी प्रसिद्ध है, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है। यह किला एक हज़ार साल से भी ज़्यादा पुराना है और इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास की झलक दिखाता है। पार्क के अंदर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित, किला आसपास के क्षेत्र का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। आप किले के अंदर प्राचीन मंदिरों, खंडहरों और बावड़ियों को देख सकते हैं और साथ ही शांतिपूर्ण वातावरण और सुंदर दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

## सुरवाल झील और पदम तालाब

जो लोग पक्षियों को देखना या प्रकृति में शांतिपूर्ण जगहों पर जाना पसंद करते हैं, उनके लिए सुरवाल झील और पदम तालाब ज़रूर घूमने लायक जगहें हैं। सुरवाल झील एक मौसमी झील है जहाँ आप कई तरह के प्रवासी पक्षियों को देख सकते हैं, खासकर सर्दियों के महीनों में। पदम तालाब रणथंभौर नेशनल पार्क की सबसे बड़ी झील है और अपनी खूबसूरती और शांत वातावरण के लिए जानी जाती है। आप अपनी सफारी के दौरान झील के किनारे से पानी पीते जानवरों को भी देख सकते हैं।

## रणथंभौर पहुंचना

रणथंभौर पहुँचने का सबसे आसान तरीका ट्रेन या सड़क मार्ग से है। निकटतम रेलवे स्टेशन सवाई माधोपुर है, जो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। आप दिल्ली, जयपुर और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों से ट्रेन पकड़ सकते हैं। यदि आप सड़क मार्ग से यात्रा करना पसंद करते हैं, तो रणथंभौर राजमार्गों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है, और आप जयपुर जैसे आस-पास के शहरों से कार किराए पर ले सकते हैं या बस ले सकते हैं (कार से लगभग 3.5 घंटे)।

## रणथंभौर घूमने का सबसे अच्छा समय

रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान अक्टूबर से जून तक पर्यटकों के लिए खुला रहता है। नवंबर से अप्रैल के बीच घूमने का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि इस समय मौसम ठंडा रहता है और आपको वन्यजीवों, खासकर बाघों को देखने का ज़्यादा मौका मिलता है। मानसून के मौसम में, जुलाई से सितंबर तक, पार्क बंद रहता है।

रहने की जगह

रणथंभौर में अलग-अलग बजट के हिसाब से कई तरह के आवास उपलब्ध हैं, जिनमें आलीशान रिसॉर्ट से लेकर बजट-फ्रेंडली गेस्टहाउस शामिल हैं। कुछ लोकप्रिय आलीशान रिसॉर्ट में ताज सवाई माधोपुर लॉज, द ओबेरॉय वन्यविलास और अमन-ए-खास शामिल हैं। ज़्यादा किफ़ायती ठहरने के लिए, पार्क के पास कई मिड-रेंज होटल और लॉज हैं। अपने ठहरने की जगह पहले से बुक करना सुनिश्चित करें, खासकर पीक टूरिस्ट सीज़न के दौरान।

# मेथी थेपला, सेहत का साथी अलबेला



## सामग्री:

- 1 कप गेहूं का आटा
- 1/2 कप ताजा मेथी के पत्ते (मेथी), कटे हुए
- 1/4 कप दही (दही)
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन (अजवायन)
- 1/2 छोटा चम्मच तिल (वैकल्पिक)
- स्वादानुसार नमक
- आवश्यकतानुसार पानी
- खाना पकाने के लिए तेल या घी

## निर्देश:

**आटा तैयार करें:** एक बड़े मिक्सिंग बाउल में, गेहूं का आटा, कटी हुई मेथी के पत्ते, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर, अजवाइन, तिल (अगर इस्तेमाल कर रहे हैं) और नमक डालें। सब कुछ अच्छी तरह मिलाएँ।

**गीली सामग्री डालें:** आटे के मिश्रण में दही और 1 बड़ा चम्मच तेल डालें। अच्छी तरह मिलाएं। धीरे-धीरे थोड़ी मात्रा में पानी डालें और नरम, चिकना आटा गूंथ लें। आटा बहुत चिपचिपा या बहुत सख्त नहीं होना चाहिए। इसे 10-15 मिनट के लिए आराम दें।

**आटे को बांटें:** आराम करने के बाद, आटे को एक मिनट के लिए फिर से गूंथ लें। इसे छोटे, बराबर भागों में बाँटें और उन्हें चिकनी गेंदों में रोल करें।

**थेपला को रोल करें:** एक आटे की गेंद लें और इसे थोड़ा चपटा करें। चिपकने से रोकने के लिए इस पर थोड़ा सा आटा छिड़कें। एक रोलिंग पिन का उपयोग करके, इसे लगभग 6-7 इंच व्यास में एक पतली, गोल आकृति में रोल करें। यदि यह सतह पर चिपकता है, तो थोड़ा और आटा डालें।

**थेपला पकाएं:** मध्यम आँच पर एक तवा (चपटा तवा) या नॉन-स्टिक पैन गरम करें। गर्म होने पर, रोल किए हुए थेपला को तवे पर रखें। लगभग 20-30 सेकंड तक पकाएँ, फिर इसे पलट दें।

**तेल या घी डालें:** पके हुए हिस्से पर थोड़ा सा तेल या घी डालें और एक स्पैटुला से धीरे से दबाएँ। फिर से पलटें और थोड़ा और तेल या घी डालते हुए दूसरी तरफ से पकाएँ। तब तक पकाएँ जब तक कि दोनों तरफ से सुनहरा भूरा न हो जाए और छोटे, हल्के भूरे रंग के धब्बे न पड़ जाएँ।

**दोहराएं:** पके हुए थेपले को निकाल कर प्लेट में रखें। बचे हुए आटे के गोले के साथ भी यही प्रक्रिया दोहराएं।

**परोसें:** दही, अचार या चटनी के साथ गरमागरम या कमरे के तापमान पर परोसें। थेपले एक बेहतरीन ट्रैवल स्नैक भी हैं क्योंकि ये कुछ दिनों तक ताज़े रहते हैं।

### सुझाव:

अगर ताज़ी मेथी उपलब्ध नहीं है, तो आप सूखे मेथी के पत्ते (कसूरी मेथी) का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन मात्रा कम रखें।

अपने स्वाद के अनुसार मसाले डालें। आप अतिरिक्त स्वाद के लिए कद्दूकस किया हुआ अदरक या लहसुन भी डाल सकते हैं।

थेपले को एयरटाइट कंटेनर में 2-3 दिनों तक स्टोर किया जा सकता है और ज़रूरत पड़ने पर दोबारा गरम किया जा सकता है।

# नेटवर्किंग के अद्भुत तरीके



नेटवर्किंग एक शक्तिशाली उपकरण है जो आपको अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। यह उन लोगों के साथ संबंध बनाने के बारे में है जो आपका समर्थन कर सकते हैं, मूल्यवान जानकारी साझा कर सकते हैं और नए अवसरों के द्वार खोल सकते हैं। आज की दुनिया में, एक मजबूत नेटवर्क होना आपके कौशल और योग्यताओं जितना ही महत्वपूर्ण हो सकता है। आइए जानें कि प्रभावी ढंग से नेटवर्क कैसे बनाया जाए और सफलता के लिए यह क्यों आवश्यक है। इसके मूल में, नेटवर्किंग दूसरों से जुड़ने के बारे में है। यह कई जगहों पर हो सकता है: काम पर, सम्मेलनों, सामाजिक कार्यक्रमों या ऑनलाइन भी। नेटवर्किंग का मतलब सिर्फ़ लोगों से मिलना नहीं है; इसका मतलब सार्थक संबंध बनाना है। जब आप नेटवर्क बनाते हैं, तो आप विचार साझा करते हैं, दूसरों से सीखते हैं और बदले में समर्थन देते हैं। अवसरः कई नौकरी के अवसर और प्रोजेक्ट कभी भी सार्वजनिक रूप से विज्ञापित नहीं किए जाते हैं। नेटवर्किंग आपको इन छिपे हुए अवसरों के बारे में पता लगाने में मदद कर सकती है। जब लोग आपको जानते हैं, तो वे आपको भूमिकाओं या सहयोग के लिए सुझाने की अधिक संभावना रखते हैं। ज्ञान

**साझा करना:** नेटवर्किंग आपको दूसरों के अनुभवों से सीखने की अनुमति देती है। आप अपने उद्योग, नए रुझानों और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह ज्ञान आपको अपने करियर में बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकता है।

**सपोर्ट सिस्टम:** नेटवर्क बनाने से सहायता प्रणाली बनती है। चाहे आपको सलाह, प्रोत्साहन या मदद की ज़रूरत हो, आपका नेटवर्क आपको ज़रूरत पड़ने पर सहायता प्रदान कर सकता है।

**आत्मविश्वास बढ़ाएं:** नए लोगों से मिलना और अपने विचार साझा करना आपके आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है। जितना अधिक आप नेटवर्क बनाते हैं, सामाजिक परिस्थितियों में आप उतने ही सहज होते जाते हैं, जो जीवन के कई क्षेत्रों में मददगार हो सकता है।

**वास्तविक बनें:** नेटवर्किंग करते समय, खुद बनें। प्रामाणिकता महत्वपूर्ण है। अगर लोगों को लगता है कि आप वास्तविक हैं, तो वे आपसे जुड़ने की अधिक संभावना रखते हैं। दूसरों में रुचि दिखाएं और उनकी बातों को सक्रिय रूप से सुनें।

**क्लियर गोल निर्धारित करें:** किसी कार्यक्रम में भाग लेने या किसी से संपर्क करने से पहले, सोचें कि आप क्या हासिल करना चाहते हैं। क्या आप किसी विशिष्ट उद्योग के बारे में नौकरी, सलाह या जानकारी की तलाश कर रहे हैं? स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने से आपको ध्यान केंद्रित रखने में मदद मिलेगी।

**सोशल मीडिया का इस्तेमाल करें:** लिंक्डइन, ट्विटर और फेसबुक जैसे प्लेटफ़ॉर्म नेटवर्किंग के लिए बहुत अच्छे हो सकते हैं।

# सेतु बंध सर्वांगासन के फायदे



सेतु बंध सर्वांगासन, जिसे ब्रिज पोज़ के नाम से भी जाना जाता है, एक लोकप्रिय योग आसन है जो मन को शांत करते हुए शरीर को मज़बूत और स्ट्रेच करता है। यह छाती और रीढ़ की हड्डी को स्ट्रेच करते हुए पीठ, पैर और कोर को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह मुद्रा शुरुआती लोगों के लिए बहुत बढ़िया है और इसे घर पर आसानी से किया जा सकता है। ब्रिज पोज़ का अभ्यास करने से आपकी मुद्रा और पाचन में सुधार हो सकता है। यह पीठ के निचले हिस्से के दर्द से राहत दिलाने में भी मददगार है। नीचे जानते हैं इसके स्टेप्स और फायदे।

## सेतु बंध सर्वांगासन के लाभ

**पीठ और कोर को मजबूत करता है:** यह मुद्रा पीठ के निचले हिस्से, ग्लूट्स और कोर की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करती है, जिससे समग्र स्थिरता और मुद्रा में सुधार होता है।

**छाती और रीढ़ को खींचता है:** ब्रिज पोज़ छाती, कंधों और रीढ़ को खोलता है, लचीलापन बढ़ाता है और लंबे समय तक बैठने के प्रभावों का प्रतिकार करता है।

**पाचन में सुधार करता है:** यह मुद्रा पेट के अंगों को उत्तेजित करती है, जो पाचन में सहायता कर सकती है और कब्ज और सूजन के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती है।

**तनाव और चिंता को कम करता है:** रीढ़ को धीरे से खींचकर और हृदय को खोलकर, सेतु बंध सर्वांगासन तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद कर सकता है, जिससे तनाव और चिंता का स्तर कम होता है।

**पीठ के निचले हिस्से के दर्द से राहत:** नियमित अभ्यास से रीढ़ की हड्डी के आस-पास की मांसपेशियों को मज़बूत करके और मुद्रा में सुधार करके पीठ के निचले हिस्से के दर्द को कम किया जा सकता है।

**रक्त संचार को बढ़ाता है:** इस मुद्रा की उलटी प्रकृति रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद करती है, जिससे मस्तिष्क और अन्य अंगों में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है।

**श्वसन संबंधी समस्याओं में मदद करता है:** इस मुद्रा में छाती को खोलने से फेफड़ों की क्षमता में सुधार होता है, जिससे यह अस्थमा या अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों वाले लोगों के लिए फ़ायदेमंद होता है।

**हार्मोन को संतुलित करता है:** थायरॉयड ग्रंथि को उत्तेजित करके, यह मुद्रा हार्मोन को संतुलित करने में मदद कर सकती है, जो चयापचय और समग्र स्वास्थ्य के लिए फ़ायदेमंद है।

**मूड को बेहतर बनाता है:** सेतु बंध सर्वांगासन ऊर्जा के स्तर को बढ़ा सकता है और मूड को बेहतर बना सकता है, जिससे यह सुबह के समय अभ्यास करने के लिए एक बेहतरीन मुद्रा बन जाती है।

### सेतु बंध सर्वांगासन के स्टेप्स

- अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा अलग करते हुए घुटनों को मोड़ लें।
- हथेलियों को खोलते हुए हाथ को बिल्कुल सीधा जमीन पर सटा कर रखें।
- अब सांस लेते हुए कमर के हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं, कंधे और सिर को सपाट जमीन पर ही रखें।
- सांस छोड़ते हुए दोबारा से पूर्ववत स्थिति में आ जाएं।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी।

**वृष:** फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन:** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क:** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह:** दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**कन्या:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें।

**तुला:** घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**वृश्चिक:** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

**धनु:** पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**मकर:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**कुंभ:** व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

# घर के प्रेत या पितर रुष्ट होने के लक्षण और उपाय

बहुत जिज्ञासा होती है आखिर ये पितृदोष है क्या? पितृ -दोष शांति के सरल उपाय पितृ या पितृ गण कौन हैं ?आपकी जिज्ञासा को शांत करती विस्तृत प्रस्तुति।

पितृ गण हमारे पूर्वज हैं जिनका ऋण हमारे ऊपर है ,क्योंकि उन्होंने कोई ना कोई उपकार हमारे जीवन के लिए किया है मनुष्य लोक से ऊपर पितृ लोक है,पितृ लोक के ऊपर सूर्य लोक है एवं इस से भी ऊपर स्वर्ग लोक है।

आत्मा जब अपने शरीर को त्याग कर सबसे पहले ऊपर उठती है तो वह पितृ लोक में जाती है ,वहाँ हमारे पूर्वज मिलते हैं अगर उस आत्मा के अच्छे पुण्य हैं तो ये हमारे पूर्वज भी उसको प्रणाम कर अपने को धन्य मानते हैं की इस अमुक आत्मा ने हमारे कुल में जन्म लेकर हमें धन्य किया इसके आगे आत्मा अपने पुण्य के आधार पर सूर्य लोक की तरफ बढती है।

वहाँ से आगे ,यदि और अधिक पुण्य हैं, तो आत्मा सूर्य लोक को भेज कर स्वर्ग लोक की तरफ चली जाती है,लेकिन करोड़ों में एक आध आत्मा ही ऐसी होती है ,जो परमात्मा में समाहित होती है जिसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता मनुष्य लोक एवं पितृ लोक में बहुत सारी आत्माएं पुनः अपनी इच्छा वश ,मोह वश अपने कुल में जन्म लेती हैं।



## पितृ दोष क्या होता है?

हमारे ये ही पूर्वज सूक्ष्म व्यापक शरीर से अपने परिवार को जब देखते हैं ,और महसूस करते हैं कि हमारे परिवार के लोग ना तो हमारे प्रति श्रद्धा रखते हैं और न ही इन्हें कोई प्यार या स्नेह है और ना ही किसी भी अवसर पर ये हमको याद करते हैं,ना ही अपने ऋण चुकाने का प्रयास ही करते हैं तो ये आत्माएं दुखी होकर अपने वंशजों को श्राप दे देती हैं,जिसे पितृ- दोष कहा जाता है।

पितृ दोष एक अदृश्य बाधा है .ये बाधा पितरों द्वारा रुष्ट होने के कारण होती है पितरों के रुष्ट होने के बहुत से कारण हो सकते हैं ,आपके आचरण से,किसी परिजन द्वारा की गयी गलती से ,श्राद्ध आदि कर्म ना करने से ,अंत्येष्टि कर्म आदि में हुई किसी त्रुटि के कारण भी हो सकता है। इसके अलावा मानसिक अवसाद,व्यापार में नुक्सान ,परिश्रम के अनुसार फल न मिलना , विवाह या वैवाहिक जीवन में समस्याएं,कैरिअर में समस्याएं या संक्षिप्त में कहें तो जीवन के हर क्षेत्र में व्यक्ति और उसके परिवार को बाधाओं का सामना करना पड़ता है पितृ दोष होने पर अनुकूल ग्रहों की स्थिति ,गोचर ,दशाएं होने पर भी शुभ फल नहीं मिल पाते,कितना भी पूजा पाठ ,देवी ,देवताओं की अर्चना की जाए ,उसका शुभ फल नहीं मिल पाता।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### देशी बम, तमंचा और कारतूस के साथ पकड़े गए युवक

**कानपुर।** कानपुर के चकेरी पुलिस ने 149 देशी बम व एक तमंचा व कारतूस के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सूचना के आधार पर आरोपितों को टटियन झनाका के मोड से पकड़ा गया। पुलिस को देख आरोपितों ने एक बम पुलिस टीम को फेंककर मारा। जिसमें पुलिसकर्मी बच गए। आरोपितों का एक साथी मौके से भाग गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों पर आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### ऑनलाइन ठगी करने वाली गैंग का भंडाफोड़

**आगरा।** किस्त जमा न करने से बंद बीमा पॉलिसी धारकों से साइबर ठगों ने पांच करोड़ उड़ा दिए। आगरा में गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित पॉलिसी चालू कराकर अच्छे मुनाफे का झांसा देते थे। एसीपी हरीपर्वत आदित्य ने बताया कि पंजाब में एक रिटायर दरोगा से 90 लाख की ठगी हुई थी। उसे बंद पॉलिसी चालू कराकर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया गया था।

### अंधेर में डूबे बगहा के पांच दर्जन गांव

**बगहा।** बगहा रामनगर से सेमरा, चौतरवा एवं कुमीह्य फीडर को मिलने वाले 33 केवीए की आपूर्ति एक बार फिर प्रभावित हो गई है। मसान नदी के तेज बहाव में इन तीनों फिडरो को मिलने वाले आपूर्ति के पोल एक बार फिर मसान नदी में बह गए हैं। जिससे सेमरा, चौतरवा एवं कुमिह्या फीडर की आपूर्ति बाधित हो गई है । जिससे ग्रामीण क्षेत्र के करीब पांच दर्जन से अधिक गांव की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। बगहा विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि 15 सितंबर को मसान नदी के कटाव के कारण 33 केवीए का टावर ध्वस्त हो गया था ।जिससे सेमरा,चौतरवा एवं कुमिह्या फीडर कोई आपूर्ति बाधित हो गई थी । बिजली कर्मियों के काफी मशकत सकता के बाद वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पोल के सहारे 22 सितंबर को इन तीनों फिडरो को आपूर्ति शुरू की गई थी।

### सांप काटने से दो युवकों की हुई मौत

**कैमूर।** जिले में सांप के काटने के बाद झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ने से दो युवकों की मौत हो गयी। पहली घटना में कुढ़नी थाना क्षेत्र के सोतवां गांव में एक युवक की मौत सर्पदंश से हो गयी। वहीं, दूसरी घटना में दुर्गावती थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में शुक्रवार की रात सांप के काटने से युवक की मौत हो गयी। सोतवा गांव निवासी स्वर्गीय हरि नारायण राम का 35 वर्षीय बेटा रविंद्र राम शुक्रवार रात अपनी पत्नी नीतू के साथ अपने घर में फर्श पर बिछावन पर सोया हुआ था।

# क्रिकेटर सरफराज के छोटे भाई मुशीर सड़क हादसे में घायल

- चार से पांच बार पलटी कार, बाल बाल बचे क्रिकेटर मुशीर खान
- ईलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया

दोपहर संवाददाता | मुंबई

आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे क्रिकेटर मुशीर खान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायल क्रिकेटर को लखनऊ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका ईलाज जारी है। मुशीर खान के गर्दन में ज्यादा चोट लगी है। उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल खिलाड़ी स्टार क्रिकेटर सरफराज खान का भाई बताया जा रहा है । मुशीर अपने पिता नौशाद खान के साथ अपने घर जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बासूपार गांव से शुक्रवार को आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे, जिस दौरान ये हादसा हुआ। अभी तक दुर्घटना का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि कार सड़क पर 4-5 बार पलटी, जिसके चलते मुशीर को गंभीर चोटें आईं।




### मुंबई के लिए बड़ा झटका

बताते चलें कि 1 से 5 अक्टूबर के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में ईरानी कप का मुकाबला मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाना है। इस मैच से पहले मुशीर का एक्सीडेंट मुंबई के लिए बड़ा झटका है। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में बताया गया कि मुशीर 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी के शुरुआती मुकाबले भी मिस कर सकते हैं।

### दलीप ट्रॉफी 2024 में बल्ले से मचाया था धमाल

मुशीर खान ने दलीप ट्रॉफी 2024 में बल्ले से धमाल मचाया था। अपने डेब्यू मैच में ही मुशीर ने इंडिया-बी की ओर से इंडिया-ए के खिलाफ मुकाबले में 181 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 373 गेंदों का सामना किया और 16 चौके के अलावा 5 छक्के लगाए थे। दलीप ट्रॉफी में डेब्यू पर किसी टीनएजर (20 साल से कम उम्र) खिलाड़ी का यह तीसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा।

### इंडिया की टेस्ट टीम में हैं मुशीर के बड़े भाई सरफराज खान

मुशीर के बड़े भाई सरफराज खान इंडिया की टेस्ट टीम में हैं और इस समय वह कानपुर में भारत बांग्लादेश के साथ हो रहे टेस्ट मैच में उन्हें खेलने का तो अवसर नहीं मिला लेकिन वह टीम का हिस्सा हैं। एक्सीडेंट की खबर लगते ही मुशीर खान के आजमगढ़ के सगड़ी तहसील क्षेत्र के बासूपार गांव पर स्थित उसके आवास पर शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। सड़क हादसे के संबंध में क्रिकेटर मोहसिन खान के मामा शकील अहमद ने बताया कि शुक्रवार के दिन फॉर्च्यूनर कार से मुशीर खान उनके पिता नौशाद खान ड्राइवर के साथ आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे कि रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। इस हादसे में सभी बाल बाल बच गए लेकिन मुशीर खान को चोट आई है।

# प्रयागराज में चलेगा रेलवे का बुलडोजर

- 167 घरों को गिराकर बिछेगी नई लाइन

एजेंसी | प्रयागराज



प्रयागराज से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच प्रस्तावित तीसरी लाइन के रास्ते में मेजा और करछना तहसील के 167 मकान आ रहे हैं। इनके मालिकों को मुआवजे की राशि दी जा चुकी है। इसके बाद भी मकान नहीं छोड़ रहे हैं। इसे लेकर अब रेलवे ने बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली है। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से बीते 21 सितंबर को जमीन खाली कराने के लिए सभी को अंतिम नोटिस दिया गया। जिसके बाद रेलवे की टीम ने वार्ता की और कब्जा हटाने के लिए कहा। अब तक कब्जा हटा नहीं है।

### लोगों को दिया जा चुका है मुआवजा : सीपीआरओ

एनसीआर के सीपीआरओ, डॉ. अमित मालवीय ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मेजा- करछना में तीसरी लाइन का काम प्रस्तावित है। इसके लिए लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है। अब जमीन अधिग्रहित करने की कार्रवाई होगी। इस कार्रवाई के लिए लोगों को वहां से मकानों को खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी लोगों ने मकान खाली नहीं किए हैं। अब ऐसे में बुलडोजर चलाया जाएगा।

### प्रयागराज जंक्शन से करछना के बीच हो चुका है तीसरी लाइन का काम

तीसरी लाइन का काम प्रयागराज जंक्शन से करछना के बीच हो चुका है। इस जमीन पर काम पिछले कई महीनों से रुका है। वर्ष 2024-25 के रेल बजट में भी धनराशि आवंटित की गई है। अब जबकि महाकुम्भ के कार्यों को युद्ध स्तर पर करने की तैयारी है तो यहां पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को भी पत्र लिख दिया गया है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद रेलवे की टीम बुलडोजर चलाने की कार्रवाई करेगी।

# रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर की बदलेगी तस्वीर

### 6.73 करोड़ से होगा कायाकल्प




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर की तस्वीर बदलेगी। मंदिर की मरम्मत एवं पुनर्विकास के लिए कुल 673 .067 लाख (छह करोड़ तिहत्तर लाख छह हजार सात सौ रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृत दी गयी है। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने विभागीय सचिव के पत्र के आलोक में पहाड़ी मंदिर की मरम्मत्त एवं पुनर्विकास के लिए 424 ।543 लाख (चार करोड़ चौबीस लाख चौवन हजार तीन सौ रुपये) एवं गार्ड वॉल और बॉउंड्री वॉल निर्माण के लिए 248 .524 लाख यानी कुल 673 ।067 लाख की स्वीकृति दी है।

### कार्यकारी एजेंसी पद पर नियुक्त किया

योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी-1 रांची को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। जो मुख्य अभियंता, रांची झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (रांची) द्वारा तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार ही योजना का क्रियान्वयन कराएंगे। रांची के उपायुक्त द्वारा इस योजना के लिए अनुमोदित प्राक्कलन के अनुरूप निविदा आमंत्रित कर 31 मार्च 2026 तक योजना को पूरा कराने को कहा गया है। कार्यकारी एजेंसी द्वारा योजना स्वीकृति के बाद सात दिनों के अंदर निविदा प्रकाशन एवं निविदा प्राप्ति की तिथि के अगले पांच दिनों के अंदर निविदा का निष्पादन करने का आदेश दिया गया है।

# यूपी के कई जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट



- प्रशासन की अपील घरों में रहे लोग
- अयोध्या व गोंडा में स्कूल रहे बंद

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों से पूर्वी और तराई क्षेत्रों समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश का सिलसिला जारी है। कहीं कहीं अत्यधिक भारी बारिश और खेतों में जलभराव से धान, अरहर, मूंगफली और हरी सब्जियां उगाने वाले किसानों के माथे पर अब चिंता की रेखाएं हैं। उन्हें इस मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं से फसल के खराब होने और नुकसान का डर सता रहा है।

शनिवार को यूपी के तराई क्षेत्र के महराजगंज, बस्ती, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ जमकर बरसात हुई।

इस दौरान 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वा हवाएं भी चलीं। भारी बारिश और तेज हवाओं के असर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लोगों को हवा में ठंडक का एहसास हुआ। शनिवार के लिए पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न इलाकों में रविवार को भी मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। इसके बाद मानसून के कमजोर पड़ने के संकेत हैं।

# राजस्थान के 2 नए जिले सबसे पहले होंगे रद्द

**जयपुर।** राजस्थान में पूर्ववर्ती सरकार के बनाए गए 17 नए जिलों को लेकर प्रदेश की सियासत गरम है।

सांचौर जिले को यथावत जिला बनाए रखने को लेकर सुखराम विश्नोई के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नए जिले गंगापुर सिटी (Gangapur City) और शाहपुरा (Shahpura) से पुलिस महानिदेशक कार्यालय द्वारा जिले को आवंटित सरकारी वाहन मंगाने से खलबली मच गई है। इस आधार पर कयास लगाए जा रहा है सरकार सबसे पहले इन 2 जिलों को रद्द कर सकती है। पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से नए जिले (Rajasthan New Districts) गंगापुर सिटी और शाहपुरा के लिए पुलिस अधीक्षकों को वाहन आवंटित किए गए थे। जिसके बाद अब कार्यालय ने आदेश करते हुए वाहन वापस भिजवाने का आदेश जारी किया है।

आदेश में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि 'आदेश क्रमांक 8300 दिनांक 18 अक्टूबर 2023 से निम्नांकित वाहन जिला कार्यालय को आंवटित किए गए है।






# अमांता हेल्थकेयर का IPO लाने का प्लान

- कंपनी ने SEBI के पास ड्राफ्ट पेपर्स फाइल किए
- इश्यू में 1.25 करोड़ नए इक्विटी शेयर्स जारी किए जाएंगे

एजेंसी | मुंबई

अमांता हेल्थकेयर लिमिटेड अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO लाने का प्लान कर रही है। IPO के लिए कंपनी ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी SEBI के पास ड्राफ्ट पेपर्स यानी ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किया है। IPO में अहमदाबाद की दवा कंपनी की ओर से 1.25 करोड़ नए इक्विटी शेयर्स जारी किए जाएंगे। यह ऑफर फॉर सेल नहीं होगा। यानी IPO से हासिल पूरा पैसा कंपनी के पास जाएगा। अमांता हेल्थकेयर, स्टेराइल लिक्विड प्रोडक्ट और पैरेंटरल प्रोडक्ट बनाती है। इसके अलावा, कंपनी मेडिकल डिवाइसेज भी बनाती है। यह थेरेप्यूटिक सेगमेंट में फ्लूइड थेरेपी (IV-फ्लूइड), फॉर्म्यूलेशंस, डायल्यूएंट्स, ऑप्थेल्मिक, रेस्पिरेटरी केयर और इरिगेशन सॉल्यूशंस की पेशकश करती है। वहीं मेडिकल डिवाइस सेगमेंट में इरीगेशन, फर्स्ट ऐड सॉल्यूशन, आई लुब्रिकेंट्स की पेशकश भी करती है।




### 1994 में इनकॉरपोरेट हुई थी अमांता हेल्थकेयर

IPO के लिए 26 सितंबर को दाखिल प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, 1994 में इनकॉरपोरेट हुई अमांता हेल्थकेयर के पास इंटरनेशनल अथॉरिटीज के साथ 113 एक्टिव प्रोडक्ट रजिस्ट्रेशंस हैं। बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स इसके IPO के लिए एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है। कंपनी IPO से जुटाए जाने वाले फंड में से 70 करोड़ रुपए गुजरात के खेड़ा में स्टेरीपोर्ट की नई मैन्युफैक्चरिंग लाइन स्थापित करने के लिए खर्च करेगी। उसी प्लांट में छोटे वॉल्यूम पैरेंटरल के लिए नई मैन्युफैक्चरिंग लाइन स्थापित करने, इक्विपमेंट्स, प्लांट और मशीनरी की खरीद के लिए 30 करोड़ रुपए खर्च करने का टारगेट है। बाकी IPO फंड का इस्तेमाल सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

### FY24 में कंपनी ने 3.62 करोड़ का नेट प्रॉफिट दर्ज किया

अमांता हेल्थकेयर के प्रमोटर भावेश पटेल हैं। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 3 .62 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जबकि एक साल पहले इसे 2 .11 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का रेवेन्यू 280 .3 करोड़ रुपए रहा, जो इससे पहले के वित्त वर्ष के 259 .1 करोड़ रुपए के रेवेन्यू से 8 .2% ज्यादा है।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

- सोना 1,547 रुपए बढ़कर 75,640 रुपए पर पहुंचा
- चांदी 91,448 रुपए प्रति किलो बिक रही

एजेंसी | नई दिल्ली

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 21 सितंबर को सोना 74,093 रुपए पर था, जो अब (28 सितंबर) को 75,640 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,547 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 88,917 रुपए पर थी, जो अब 91,448 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 2,531 रुपए बढ़ी है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।



### 4 महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,550 रुपए है।
मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,400 रुपए है।
कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 70,950 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,400 रुपए है।
चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,400 रुपए है।

### इस साल सोने में अब तक 12 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी

IBJA के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 12,288 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 75,640 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है।

# NSE और BSE ने ट्रांजेक्शन फीस में किया बदलाव

## 1 अक्टूबर से कैश, फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस ट्रांजैक्शन के ट्रेड में लागू होंगी नई दरें

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने कैश और फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस ट्रेड के लिए लगने वाली ट्रांजैक्शन फीस में बदलाव किया है। NSE में कैश मार्केट के लिए अब ट्रांजेक्शन फीस 2.97 रुपए/लाख ट्रेडेड वैल्यू होगी। वहीं इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में फ्यूचर्स में ट्रांजैक्शन फीस 1.73 रुपए/लाख ट्रेडेड वैल्यू होगी। जबकि ऑप्शंस में 35.03 रुपए/लाख प्रीमियम वैल्यू होगी। करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में NSE ने फ्यूचर्स के लिए ट्रांजैक्शन फीस 0.35 रुपए/लाख ट्रेडेट वैल्यू रखी है। जबकि करेंसी ऑप्शंस और इंटरेस्ट रेट ऑप्शंस में यह फीस 31.1 रुपए/लाख प्रीमियम वैल्यू होगी। इसी तरह BSE ने भी अपनी ट्रांजैक्शन फीस में बदलाव किया है। करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट में फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट्स (क्रॉस करेंसी फ्यूचर्स के साथ) पर एक करोड़ की टर्नओवर वैल्यू पर 45 रुपए फीस लगेगी। BSE के ऑप्शंस पर एक करोड़ की प्रीमियम टर्नओवर वैल्यू पर 100 रुपए की फीस लगेगी। ये बदलाव 1 अक्टूबर से लागू होंगे।




# तेल कंपनियों से लोगों को मिलेगा तोहफा

- दीपावली के पहले घट सकती है पेट्रोल व डीजल की कीमत
- अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट के कारण मिल सकती है राहत

**नई दिल्ली।** इस साल दीपावली के पहले ही देश में पेट्रोल और डीजल का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) से मूल्य में कटौती का तोहफा मिल सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियां के मुनाफे में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए यह फैसला लिया जा सकता है।



# बारिश के चलते दूसरे दिन का खेल रद्द

**एजेंसी । कानपुर**

भारत बनाम बांग्लादेश के बीच खेली जा रही 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसके दूसरे दिन का खेल बारिश और खराब मौसम की वजह से रद्द कर दिया गया। इस टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल भी बारिश की वजह से जहां देर से शुरू हुआ था तो वहीं लंच के बाद पहले खराब रौशनी और फिर बारिश शुरू होने की वजह से सिर्फ 35 ओवर्स के बाद ही दिन का खेल खत्म कर दिया गया था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के नजरिए से भारतीय टीम के लिए ये मुकाबला काफी अहम है ऐसे में यदि मैच ड्रॉ रहता है तो टीम इंडिया के लिए ये एक झटका जरूर होगा। वहीं 9 साल बाद ऐसा हुआ है जब टीम इंडिया घर पर टेस्ट मुकाबला खेल रही हो और पूरे दिन का खेल रद्द कर दिया गया।



## नहीं फेंकी गई 1 भी गेंद

### बांग्लादेश ने अब तक गंवाए हैं तीन विकेट

कानपुर टेस्ट मैच में पहले दिन के खेल में बांग्लादेश की टीम ने अपनी पहली पारी में 35 ओवर्स के खेल में 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बना लिए थे, जिसमें उन्होंने जाकिर हसन, शदमन इस्लाम और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो का विकेट गंवा दिया था। वहीं मोमीनुल हक 40 और मुशिफकुर रहीम 6 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। टीम इंडिया के लिए अब तक इस पारी में गेंद से आकाश दीप ने 2 और रविचंद्रन अश्विन ने एक विकेट हासिल किया है।

### इससे पहले साल 2015 में अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में हुआ था ऐसा

भारतीय टीम साल 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टेस्ट सीरीज घर पर खेल रही थी, जिसका दूसरा मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में पहले दिन का खेल तो हुआ था लेकिन दूसरे दिन से लेकर फिर आखिरी दिन तक लगातार बारिश होने की वजह से एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। अब इसके ठीक 9 साल के बाद ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब भारतीय टीम घर पर कोई टेस्ट मुकाबला खेल रही है और उसमें पूरे दिन का खेल रद्द कर दिया गया है। उस समय टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।



# चाइना ओपनः बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी पहले दौर में बाहर

**एजेंसी । बीजिंग**

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को चाइना ओपन 500 टेनिस के पहले दौर में बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की गैरवरीय जोड़ी से प्री क्वार्टर फाइनल में 5-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। बोपन्ना इससे पहले 2017 और 2021 में भी डोडिग के साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। इस जोड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 में एटीपी मांट्रियल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचना रहा। बोपन्ना ने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन और मियामी ओपन का खिताब जीता है।

सब जूनियर चैंपियनशिप

# झारखंड और दिल्ली की जीत



**एजेंसी । चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन हॉकी झारखंड और दिल्ली हॉकी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 42 में हॉकी झारखंड ने पुडुचेरी हॉकी को 13-0 से रौंद दिया। सबियन किरो (1', 20', 46', 50') और हेमरोम टिंटस (4', 38', 48', 58') ने चार-चार गोल दागे। पूल एच के एक अन्य मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने हॉकी हिमाचल पर 5-0 से जीत दर्ज की। आर्यन (20', 26', 33') ने तीन गोल किए वहीं ताशू (32') और नातिक राणा (58') ने भी दिल्ली हॉकी के लिए योगदान दिया।

एएफसी अंडर 20 एशियाई कप

# अंडर 20 फुटबॉलरों के सामने लाओस की चुनौती

**एजेंसी । वियनतियाने**

ईरान से हारने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी। भारत को मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए हर हाल में इस मैच को जीतना होगा।

### अब तक एक मैच जीती

भारतीय टीम शुक्रवार को मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद 88वें मिनट में एक गोल गंवा बैठी। टीम ने इससे पहले मंगोलिया को 4-1 से हराया था। भारत ग्रुप जी में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। हर ग्रुप की शीर्ष टीमों के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से पांच टीमें मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन में होगा।



### लाओस को फायदा

मेजबान लाओस ने शुरुआती मैच में ईरान से 0-8 की हार की निराशा से उबर मंगोलिया को 6-0 से शिकस्त दी थी। भारतीय टीम गोल अंतर के बेहतर स्थिति में है लेकिन लाओस को इस मुकाबले में घरेलू परिस्थितियों और दर्शकों का साथ मिलेगा। भारत पिछली बार 2006 में एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल राउंड में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 में मेजबानी की थी।

# त्रीसा-गायत्री की जोड़ी हारी, भारतीय चुनौती खत्म

**एजेंसी । मकाऊ**

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी का सफर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खत्म हो गया है। उन्हें शनिवार को यहां सेमीफाइनल में सीह पेई शैन और हुंग एन-जू की चीनी ताइपे की जोड़ी से शिकस्त का सामना करना पड़ा। उनकी हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई।



### एक घंटे में हारी भारतीय जोड़ी

तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी को चीनी ताइपे की दुनिया की 54वें नंबर की आठवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ एक घंटे चले मुकाबले में तीन गेम में 17-21, 21-16, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी त्रीसा और गायत्री की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ इस साल यह तीसरी हार है। सीह और हुंग ने अच्छी शुरुआत करते हुए 8-5 की बढ़त बनाई और फिर लगातार पांच अंक के साथ 13-8 से आगे हो गई। पर भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 15-15 किया लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने इसके बाद बेहतर खेलते दिखाते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

## मुंबई के मैदानों से

# वरुण और साद को पहली वरीयता

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

पुणे के वरुण कपूर और साद धर्माधिकारी को रविवार, 29 सितंबर को करीब दस वर्षों के पश्चात गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब पर आरंभ हो रहे नंदू नाटेकर मेमोरिअल महाराष्ट्र राज्य सीनियर अंतर जिला (टीम) और राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में पहली वरीयता दी गई है। जबकि मुंबई के विप्लव कुवाले और विराज कुवाले को पुरुष युगल में तथा ठाणे की मृणमयी देशपांडे और और कोल्हापुर की प्रेरणा अल्वेकर की जोड़ी को महिला युगल में रैंकिंग के आधार पर पहला स्थान दिया गया है। पुरुषों के वर्ग में 17 तथा महिलाओं के वर्ग में 13 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

घुड़दौड़

# सबस्टेन्सियल बेहतर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

रविवार को पुणे रेसकोर्स पर आयोजित पुणे घुड़दौड़ सत्र के विशेष दिन की मुख्य दौड़ पंचशील मिलियन में नौ घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। दौड़ जोरदार प्रतिस्पर्धाक नजर रही है, इसलिए कोई भी साफतौर पर विजेता नजर नहीं आ रहा है, लेकिन अधिराजसिंह जोधा द्वारा प्रशिक्षित सबस्टेन्सियल को थोड़ी बढ़त मिली हुई है, इसलिए उसके जीत की संभावना है। कुल सात दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ दोपहर दो बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- स्पिरीट बे (प्र.), गोल्डन रुल (द्वि.), 2- बेबी बॉजूका (प्र.), इट्स मॉय टाईम (द्वि.), 3- फोन्टाना (प्र.), लॉर्ड एंड मास्टर (द्वि.), 4- पोर्टोफिनो बे (प्र.), ड्रीम सेलर (द्वि.), 5- सबस्टेन्सियल (प्र.), डिवाईन स्टॉर (द्वि.), 6- इलोक्वेन्ट (प्र.), सुप्रीम स्पिरीट (द्वि.), 7- मलाखी (प्र.), मिडास टच (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- फोन्टाना।

# आईसीसी बैठकों के लिए दो प्रतिनिधियों के चुनाव पर नजर

**एजेंसी । बेंगलुरु**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की रविवार को यहां होने वाली 93वीं वार्षिक बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव करना होगा। हालांकि निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नए सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। फिलहाल दो नामों-गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली पर विचार हो रहा।

# रणबीर कपूर बन गए बिजनेसमैन

रणबीर कपूर 28 सितंबर को अपना 42वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनके प्रशंसक सोशल मीडिया पर उन्हें अपने-अपने अंदाज में शुभकमानाएं दिया। एक तरफ जहां रणबीर के फिल्म 'धूम 4' से जुड़ने की खबरें सामने आ रही हैं, वहीं रणबीर ने अपने जन्मदिन पर प्रशंसकों को एक और खास तोहफा दिया है। दरअसल, वह भी अब बिजनेस में हाथ आजमाने वाले हैं। रणबीर की मां नीतू कपूर ने यह जानकारी दी है।

### रणबीर के सिर चढ़कर बोलती है स्नीकर्स की दीवानगी

रणबीर हमेशा से स्नीकर्स का बिजनेस करना चाहते थे, लेकिन वह ऐसा करने से डरते थे, क्योंकि उन्हें भारतीय बाजार की इतनी समझ नहीं है। हालांकि, अब रणबीर ने अपना यह सपना पूरा कर लिया है। भले ही उन्होंने इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है, लेकिन उनकी मां ने उन्हें ARKS का फाउंडर बता दिया है। फिल्मों की बात करें तो रणबीर जल्द ही 'रामायण' में नजर आएंगे। फिल्म 'धूम 4' से भी उनका नाम जुड़ रहा है।



### नीतू ने साझा किया ये वीडियो

नीतू ने इंस्टाग्राम पर रणबीर का एक वीडियो साझा कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। वीडियो में रणबीर लेटे हुए दिख रहे हैं। नीतू ने वीडियो के साथ लिखा, 'बेटा, भाई, पति, पिता और अब संस्थापक। जन्मदिन की शुभकामनाएं रणबीर। उम्मीद है कि ARKS का जन्म इस दिन को और खास बनाएगा। तुम्हारे सफर को आगे बढ़ते देखने का इंतजार नहीं कर सकती। मेरा आशीर्वाद और प्यार।' फैंस के मुताबिक, ARKS की फुल फॉर्म ए रणबीर कपूर स्नीकर्स है।

# भारत में रिलीज नहीं होगी पाकिस्तानी फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट'

पाकिस्तानी फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट' भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। देश में इसकी रिलीज को लेकर राजनीतिक दलों ने कड़ा एतराज जताया है। इस फिल्म की रिलीज डेट 2 अक्तूबर है। सूत्रों के मुताबिक भारत में इस फिल्म को रिलीज नहीं किया जाएगा।



### क्यों लगा है प्रतिबंध?

सूत्रों के मुताबिक इस फिल्म की रिलीज पर भारत में बैन का निर्णय इसलिए लिया गया है, क्योंकि पाकिस्तानी सिनेमाघरों में भी भारतीय फिल्मों की रिलीज की इजाजत नहीं है। वर्ष 2019 से भारतीय फिल्मों की रिलीज पाकिस्तान में बैन हैं। उम्मीद जताई जा रही थी कि 'द लीजेंट ऑफ मौला जट' कई वर्षों बाद भारत में रिलीज होने वाली पहली पाकिस्तानी फिल्म होगी। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## IIFA उत्सवम 2024

IIFA उत्सवम में साउथ के कई दिग्गज सितारों ने आगाज किया और खूब महफिल लूटी। IIFA की शुरुआत IIFA उत्सवम से होती है, जिसमें दक्षिण भारतीय सिनेमा के सितारों और निर्देशकों को सम्मान दिया जाता है। बॉलीवुड और साउथ के तमाम सितारों ने IIFA उत्सवम में धमाल मचाया और उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी छाए रहे। IIFA उत्सवम में ऐश्वर्या राय ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम किया।



# ऐश्वर्या राय ने जीता सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार

### कौन बनी बेस्ट पिक्चर?

बेस्ट पिक्चर (तमिल) का पुरस्कार रजनीकांत की 'जेलर' की झोली में गया तो फिल्म दसरा के लिए अभिनेता नानी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (तेलुगु) के पुरस्कार से नवाजा गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (तमिल) का पुरस्कार विक्रम को फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' के लिए मिला तो आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा का पुरस्कार चिरंजीवी को दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रिब्यूशन इन इंडियन सिनेमा की श्रेणी में प्रियदर्शन ने पुरस्कार अपने नाम किया तो वुमन ऑफ द ईयर इन इंडियन सिनेमा सामंथा रुथ प्रभु बनीं।

### ऐश्वर्या को 'पोन्नियिन सेल्वन 2' के लिए पुरस्कार

फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' IIFA उत्सवम 2024 में छाई रही। इस फिल्म के लिए जहां ऐश्वर्या को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला, वहीं फिल्म के निर्देशक मणिरत्नम ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (तमिल) का खिताब अपने नाम किया। फिल्म में एंश्वर्या में नंदिनी की भूमिका निभाकर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का भी दिल जीत लिया था। उधर जाने-माने संगीतकार एआर रहमान को इसी फिल्म में अपने संगीत के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक के पुरस्कार से नवाजा गया।

### दूसरे दिन बॉलीवुड फिल्मों और सितारों को मिलेगा सम्मान

IIFA समारोह के दूसरे दिन बॉलीवुड फिल्मों को सम्मानित किया जाता है। रविवार को शाहरुख खान और करण जौहर अपनी मेजबानी से IIFA में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। शाहिद कपूर से लेकर विक्की कौशल तक समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे, वहीं गुजरे जमाने की मशहूर अदाकारा रेखा भी IIFA की मंच पर अपने डांस का जलवा बिखेरने वाली हैं। IIFA रॉक्स में हनी सिंह से लेकर शंकर-एहसान-लॉय और शिल्पा राव तक लाइव परफॉर्म भी करेंगे।

# 'देवरा' की धूम

पिछले काफी समय से साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियों में थे। 27 सितंबर को आखिरकार उनकी यह फिल्म बड़े पर्दे पर आ गई और रिलीज के साथ ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया। फिल्म की एडवांस बुकिंग से ही ट्रेड पंडितों ने अनुमान लगा लिया था कि यह पहले दिन टिकट खिड़की पर अपना करिश्मा दिखाएगी। अब फिल्म की कमाई के पहले दिन के आकंड़े सामने आ गए हैं।

### फिल्म ने कमाए 82.50 करोड़ रुपए



फिल्म ने पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सभी 5 भाषाएं मिलाकर 82.50 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इसमें सबसे अधिक 73.25 करोड़ रुपए की कमाई तेलुगू वर्जन से हुई है। तेलुगू भाषा के अलावा बाकी भाषाओं में 'देवरा' की उड़ान औसत रही है। रिकॉर्डतोड़ कमाई के लिए हिंदी पट्टी में इसे और बेहतर कमाई करनी होगी। फिल्म ने पहले दिन हिंदी वर्जन से महज 7.50 करोड़ रुपए कमाए हैं। एनटीआर ने 'RRR' की रिलीज के 2 साल बाद 'देवरा' से बड़े पर्दे पर वापसी की है। ऐसे में प्रशंसकों के बीच अपने पंसदीदा सितारे की इस फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। कई जगहों पर प्रशंसकों ने 'देवरा पार्ट 1' की रिलीज का पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। फिल्म के पोस्टर और गानों ने लोगों का उत्साह पहले ही बढ़ा दिया था।



# परिणीति से पहले उर्वशी को ऑफर हुई थी 'इशकजादे'

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी काफी सुर्खियां बटोरती हैं। वे खुद से जुड़ी जानकारी फैंस के साथ साझा करती हैं। अब हाल ही में, उर्वशी रौतेला ने बताया है कि उन्हें परिणीति चोपड़ा और अर्जुन कपूर की 'इश्कजादे' ऑफर हुई थीं, लेकिन उस समय वह इस फिल्म के लिए तैयार नहीं थीं क्योंकि उस वक्त उर्वशी मिस यूनिवर्स की प्रतियोगिता को लेकर काफी ज्यादा बिजी थीं। हाल ही में, हॉटरफ्लाई के साथ एक साक्षात्कार में उर्वशी ने फिल्म 'इश्कजादे' के बारे में खुलासा किया, जिसमें अभिनेता अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा ने मुख्य भूमिकाओं में अपनी शुरुआत की थी। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे यशराज फिल्म्स की फिल्म छोड़नी पड़ी क्योंकि मैं मिस यूनिवर्स के लिए जाना चाहती थी। यह इशकजादे थी, जिसे मेरी लॉन्चिंग माना जाता था।'



उर्वशी ने आगे कहा, 'बचपन से ही इस पर मेरा ध्यान केंद्रित था और मैं सच में इसके लिए तैयारी करना चाहती थी। कुछ लोगों की सोच अलग होती है कि जीतने के बाद उनका मुख्य फोकस बॉलीवुड हो जाता है, लेकिन मेरे मामले में ऐसा कभी नहीं था। मैंने परिणीति से इस बारे में कभी बात नहीं की, लेकिन यह अच्छा है, हर किसी की नियति अलग-अलग होती है। मैं हीरोइन से ज्यादा पेजेंट विजेता बनना चाहती थी, यह (बॉलीवुड) अपने आप हो गया।"

## न्यूज़ ब्रीफ

### जिरीबाम में फिर भड़की हिंसा

**जिरीबाम।** मणिपुर में जिरीबाम जिले के एक गांव में शनिवार को कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने गोलीबारी की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ हथियारबंद लोगों ने पास की पहाड़ियों और आसपास के घने जंगलों से मैतेई आबादी वाले गांव मोंगबुंग पर अंधाधुंध गोलीबारी की। जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई में गोलीबारी की गई है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले में शनिवार को कुछ संदिग्ध उपद्रवियों ने सुबह करीब 11.30 बजे मोंगबुंग मैतेई गांव में अंधाधुंध फायरिंग की। बताया जा रहा है कि, दोनों पक्षों की ओर से भयंकर गोलीबारी की जा रही है।

### मुझे जेल भेजने की साजिश कर रही कांग्रेस: कुमारस्वामी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मोदी सरकार के मंत्री ने कहा कि कांग्रेस उन्हें 12 साल पुराने मामले में जेल भेजने की साजिश कर रही है। कुमारस्वामी ने दावा किया कि खुद मुख्यमंत्री के खिलाफ राज्य लोकायुक्त में 70 मामले लंबित हैं और उन्होंने जनता से इन मामलों की जानकारी छिपाई है। बेंगलुरु में मीडिया से बात करते हुए कुमारस्वामी ने कहा, 'अगर सीएम सिद्धारमैया ईमानदार हैं, तो उनके खिलाफ इतने सारे मामले क्यों दर्ज हैं?'

### सोमनाथ मंदिर के पीछे किए गए अवैध निर्माण ध्वस्त

**गिर सोमनाथ।** गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पीछे किए गए अवैध निर्माण को शनिवार को ध्वस्त कराया गया। गिर सोमनाथ के कलेक्टर दिग्विजय सिंह जड़ेजा ने बताया कि नौ धार्मिक स्थलों और 45 कमरों का इस्तेमाल मुसाफिर खाना के रूप में किया जा रहा था। इस जमीन की कीमत 320 करोड़ रुपये आंकी गई। पहले हमने नोटिस जारी किए और उचित प्रक्रिया का पालन किया गया है। लेकिन हमें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद शनिवार सुबह ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। हमने अब तक 102 एकड़ जमीन खाली कर दी है। दो दिनों के भीतर और जमीन खाली कर देंगे। वहीं एसपी मनोहर सिंह ने बताया कि सोमनाथ मंदिर और सर्किट हाउस के पीछे कई असामाजिक तत्वों ने अतिक्रमण किया था।

### ग्राम पंचायतों के विकास के लिए तैयार की जाएगी योजना

**नई दिल्ली।** दो अक्तूबर को ग्राम पंचायतों के विकास के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जाएगीं। पंचायती राज मंत्रालय के मुताबिक इसके लिए विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन सभाओं में देशभर में 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत यह कार्यक्रम होगा। इसका उद्देश्य देश की सभी पंचायतों में भागीदारी योजना को बढ़ावा देना और पंचायत विकास योजनाओं (पीडीपी) को समय पर तैयार करना है।

## नसरल्लाह की मौत के बाद सुरक्षित स्थान पर भेजे गए ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई

# इजरायल के खिलाफ मुस्लिम एकजुट हों: खेमेनेई

**एजेंसी । तेल अवीव**

इजरायल के हमले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान में भी शीर्ष नेतृत्व को अपनी जान का डर सताने लगा है। इजरायली हमले के डर से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को देश के अंदर किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने तेहरान के दो अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी है। इसके पहले शुक्रवार देर रात को खामेनेई ने तेहरान में सुरक्षा परिषद के साथ बैठक की थी। खेमेनेई ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सभी मुस्लिमों को इस वक्त लेबनान और हिजबुल्ला के साथ खड़े होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर इजरायल से जंग लड़नी होगी।



### क्या कहा खेमेनेई ने?



खेमेनेई ने 'एक्स' पर एक के बाद एक की गई पोस्ट में कहा कि इस क्षेत्र का भविष्य अब इस बात पर निर्भर है कि हम कितनी ताकत से इजराइल को रोक सकते हैं। हिजबुल्ला इस अभियान में हमारा नेतृत्व कर रहा है। खेमेनेई ने कहा, लेबनान के लोग वो समय नहीं भूले हैं जब दमनकारी शासन के सैनिक बेरुत की तरफ़ बढ़ रहे थे और हिजबुल्ला ने उन्हें रोका था। इस बार भी हड़पने वाले और दमनकारी दुश्मन को पछतावा होगा। बयान में कहा गया कि लेबनान में हमलों से इजरायल की क्रूरता उजागर हुई है। लेबनान में निहत्थे नागरिकों की हत्या ने एक बार फिर जायोनीवादियों की बर्बर प्रकृति को उजागर कर दिया है। इजरायल की नीतियां मूर्खतापूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल ने गाजा युद्ध से कोई सबक नहीं सीखा। हिजबुल्ला के सामने इजरायल बहुत छोटा है। हम लेबनान के साथ मजबूती से खड़े हैं। सूत्रों ने बताया कि ईरान आगे की रणनीति तय करने के लिए हिज्बुल्ला और कई क्षेत्रीय गोरिल्ला समूहों के साथ लगातार संपर्क में था। इससे पहले शुक्रवार देर रात खेमेनेई ने तेहरान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ बैठक भी की थी। बैठक में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इजरायली हमले की निंदा की और इसे वॉर क्राइम बताया। खेमेनेई के सलाहकार अली लारीजानी ने कहा कि इजराइल हद पार कर रहा है। इजराइली आतंक का सामना करने के लिए लोग और मजबूती से एकजुट होंगे।

### हमास बोला- लड़ाई को बढ़ावा मिलेगा

फिलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने शनिवार को हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह की मौत पर शोक जताया और कहा कि इससे इजरायल के खिलाफ लड़ाई को बढ़ावा मिलेगा। हमास ने एक बयान में कहा कि नसरल्लाह की मौत हिजबुल्ला के लिए बड़ा झटका है क्योंकि वह इजरायली हमलों के बढ़ते अभियान से उबर रहा है। ईरान समर्थित क्षेत्रीय प्रतिरोध की धुरी में उनकी प्रमुख भूमिका को देखते हुए यह ईरान के लिए भी बड़ा झटका है। बयान में कहा गया कि हम हिजबुल्ला और लेबनान के लोगों के साथ खड़े हैं।

### 140 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया

इज़रायली सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीते 24 घंटों में लेबनान में हिजबुल्ला के 140 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। सेना ने एक बयान में कहा कि इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने उन स्थानों को निशाना बनाया जहां इजरायली नागरिकों को निशाना बनाने वाले लॉन्चर, इमारतें जिनमें हथियार जमा किए गए थे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार रात किए गए हमलों में उसके 11 नागरिक मारे गए जबकि सौ से अधिक घायल हुए हैं। इससे पहले, इजरायली सेना ने बेरुत के अल-बराजनेह और अल-हदाथ इलाकों के निवासियों को तुरंत अपने घर छोड़ने और 500 मीटर से अधिक दूर जाने का आदेश दिया था।

### जवाबी कार्रवाई से निपटने को तैयार: इजरायली सेना

इजरायल की सेना ने कहा कि उसे लगता है कि हिजबुल्ला उसके नेता हसन नसरल्लाह की मौत का बदला लेगा लेकिन वह भी जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने कहा कि पिछले सप्ताह के दौरान इजरायली हमलों के बावजूद हिजबुल्ला का अधिकांश शस्त्रागार बरकरार है और इजरायल समूह को निशाना बनाना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, यह कोई खतरा नहीं है जो खत्म हो गया। शोशानी ने कहा कि नसरल्लाह को निशाना बनाकर किया गया हवाई हमला वर्षों तक उस पर नजर रखने के बाद किया गया। उन्होंने कहा कि इजराइल ने विभिन्न प्रकार की खुफिया जानकारी के माध्यम से मौत की पुष्टि की, हालांकि उन्होंने ज्यादा ब्योरा देने से इनकार कर दिया।

### विमानन कंपनियों को हिदायत

यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी ने शनिवार को विमानन कंपनियां से कहा कि वे लेबनान या इजरायली हवाई क्षेत्र में परिचालन न करें। एक बयान में कहा गया कि हवाई हमलों की बढ़ती तीव्रता के मद्देनजर यह हिदायत दी गई है। इससे पहले, लेबनान के परिवहन मंत्रालय ने शुक्रवार रात ईरान के एक विमान को अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश से रोक दिया। मंत्रालय ने कहा, इजरायल ने बेरूत हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण को चेतावनी दी थी कि यदि विमान उतरा तो वह बल प्रयोग करेगा। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि विमान में कौन सवार था। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता लोगों की जिंदगी बचाना है।

## कांग्रेस सरकार हरियाणा में 'दर्द के दशक' को खत्म करेगी: राहुल गांधी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार राज्य के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। साथ ही कांग्रेस राज्य में 'दर्द के दशक' को खत्म करेगी। राहुल ने यह टिप्पणी हरियाणा कांग्रेस द्वारा पांच अक्तूबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अपना विस्तृत चुनावी घोषणा-पत्र जारी करने के बाद की।



कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में किसानों के कल्याण के लिए एक आयोग की स्थापना, शहीद सैनिकों के परिवारों को दो करोड़ रुपये, रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन इकाइयों को बढ़ावा देने और हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग का पुनर्गठन करने सहित कई वादे किए हैं। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में में आरोप लगाया कि एक दशक में भाजपा ने हरियाणा की समृद्धि, सपने और सत्ता छीन ली है। अग्निवीर योजना ने देशभक्त युवाओं की आकांक्षाओं को छीन लिया, बेरोजगारी ने परिवारों की मुस्कान छीन ली और महंगाई ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता छीन ली है।

### गलत जीएसटी ने छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीना

कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र सरकार ने काले कानून लाकर किसानों के अधिकार छीनने की कोशिश की। नोटबंदी व गलत जीएसटी के जरिए लाखों छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने अपने चुने हुए मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए हरियाणा का स्वाभिमान भी छीन लिया।

### राहुल ने गिनाए पार्टी के वादे

कांग्रेस के वादों को गिनाते हुए राहुल ने कहा, पार्टी की सरकार दो लाख स्थायी नौकरियां, नशा मुक्त हरियाणा, 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, महिलाओं को दो हजार रुपये प्रति माह, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, गरीबों को 100 गज का प्लॉट, 3 .5 लाख रुपये की लागत से दो कमरे का मकान, पुरानी पेंशन योजना को वापस लाना, बुजुर्गों, विधवाओं व विकलांगों को छह हजार रुपये प्रति माह पेंशन, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को एमएसपी की गारंटी, तत्काल फसल मुआवजा, जाति जनगणना और क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करेगी।

## चिड़ियाघर में 600 पेंटेड स्टॉर्क पक्षियों ने दस्तक दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



दिल्ली चिड़ियाघर परिसर 600 से अधिक पेंटेड स्टॉर्क पक्षियों से गुलजार है। पक्षियों की मौजूदगी को लेकर चिड़ियाघर प्रशासन खुश है। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि हिमालय की तलहटी से ये पक्षी पहुंचे हैं। इन्होंने कीकर के पेड़ों पर 300 से ज्यादा घोसले तैयार किए हैं। दो पक्षी मिलकर एक घोसला बनाते हैं। प्रजनन के दौरान एक पक्षी दूसरे पक्षी के घोसले का ध्यान रखता है ताकि बच्चों को कोई नुकसान न पहुंचे।

### प्रशासन खाने में उपलब्ध कराता है मछली

रंग-बिरंगे दिखने वाले इन पक्षियों की कई प्रजातियां चिड़ियाघर में देखने को मिलेगी। इसमें व्हाइट स्टॉर्क, ब्लैक नेक्ड स्टॉर्क, ओपन बिल स्टॉर्क सहित अन्य शामिल हैं। अगले साल गर्मी शुरू होने तक दिल्ली चिड़ियाघर पक्षियों का आशियाना रहेगा। चिड़ियाघर प्रशासन इन्हें खाने में मछली मुहैया कराता है। साथ ही तालाब में मौजूद कीड़े-मकोड़ों को भी ये अपना भोजन बनाते हैं। अगस्त से इन पक्षियों का आना शुरू हो जाता है। एक-दो माह बाद चिड़ियाघर परिसर में पेंटेड स्टॉर्क पक्षियों के बच्चे चहचहाना शुरू कर देंगे। ये बच्चे 16 हफ्ते में परिपक्व होते हैं और उसके बाद चहचहाना बंद करते हैं। अगले वर्ष मार्च तक ये पक्षी चिड़ियाघर में रहेंगे। इसके बाद गर्मी होने पर दोबारा हिमालय की तलहटी में चले जाएंगे।

## दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही फ्लाइट में खाने में मिला कॉकरोच

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एयर इंडिया के एक यात्री ने दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने वाली उड़ान में परोसे गए खाने में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। एयरलाइन ने कहा है कि मामले को आगे की जांच के लिए कैटरिंग कंपनी के समक्ष मामला उठाया गया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'हमें एक यात्री द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक पोस्ट के बारे में पता चला है, जिसमें 17 सितंबर 2024 को दिल्ली से जेएफके के लिए संचालित एआई 101 में उन्हें दिए गए भोजन में एक कॉकरोच के बारे में बताया गया है।' एयरलाइन ने इस घटना पर चिंता भी व्यक्त की।

### मां-बेटा बीमार जांच के आदेश



### महिला ने बताई पूरी घटना

बता दें कि एक्स पर एक पोस्ट में महिला यात्री ने कहा था कि दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने वाली उड़ान में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच पाया गया था। उसने कहा, 'जब हमें यह मिला तो मैनें और मेरे 2 साल के बच्चे ने इसे आधे से अधिक खा लिया था। इसके परिणामस्वरूप दोनों को फूड पॉइजनिंग हो गई।' महिला यात्री ने उड़ान के दौरान परोसे गए खाद्य पदार्थों का एक छोटा वीडियो और तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने इस पोस्ट में एयर इंडिया, विमानन नियामक डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू को टैग किया।

## ताज वेस्ट एंड होटल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी । बेंगलुरु**

बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ताज वेस्ट एंड होटल को अज्ञात बदमाशों से एक ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली। मध्य बेंगलुरु के पुलिस उपायुक्त शेखर एचटी ने इस सिलसिले में कहा कि सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और बम निरोधक दस्ता गहन जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे हैं।



### किसने दी धमकी?

बता दें कि यहां का ताज वेस्ट एंड प्रमुख राजनेताओं और क्रिकेटरों की मेजबानी के लिए जाना जाता है।कर्मचारियों ने अपने वरिष्ठों को सूचित किया और पुलिस सतर्क हो गई। क्षेत्राधिकारी हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन से तुरंत एक टीम भेजी गई। एक बम निरोधक दस्ता और तोड़फोड़ रोधी टीमें भी तैनात की गईं।

### 'हमें आज सुबह मिला धमकी भरा ई-मेल'

बेंगलुरु के पुलिस उपायुक्त (केंद्रीय) शेखर एच टेककन्नावर ने डीएच (Deputy Commissioner)इस मामले में बताया, 'हमें आज सुबह हाई ग्राउंड्स पीएस में ताज वेस्ट एंड होटल को बम की धमकी वाला ई-मेल मिला। हमारी बीडीडीएस और एएससी टीम ने परिसर की जांच की और पाया कि यह एक फर्जी धमकी भरा ईमेल था, उन्होंने ये भी कहा, 'हम शिकायत लेंगे और मामले की जांच करेंगे।'

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

**एजेंसी । करीमगंज**

असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत 17 लोगों को असम से बाहर निकाला गया है। इसमें नौ बड़े और आठ बच्चे शामिल हैं। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट करके इस बारे में जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि घुसपैठ के खिलाफ कड़ा कदम उठाया जा रहा है।



असम पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों और आठ बच्चों को बाहर निकाला। हिमंता ने अपनी पोस्ट में इनके नाम भी लिखे हैं। इसके मुताबिक इन बांग्लादेशियों के नाम, हारुल लमीन, उमई खुनसुम, मोहम्मद

### 17 लोगों को असम से बाहर निकाला गया

इस्माइल, संसीदा बेगम, रुफिया बेगम, फातिमा खातून, मोजूर रहमान, हाबी उल्लाह और सोबिका बेगम हैं। इससे पहले पांच सितंबर को अधिकारियों ने पांच बांग्लादेशियों को पकड़ा था। यह सभी असम के करीमगंज जिले से अवैध ढंग से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। तब भी मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करके उनके बारे में जानकारी दी थी।

## टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**एजेंसी । होसूर**

तमिलनाडु के होसूर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में भीषण आग लग गई। सेलफोन बनाने वाली यूनिट में आग लगने के बाद तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का प्रयास शुरू हो गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक पूरे परिसर को खाली करवा लिया गया है। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### आग लगने की वजह का पता नहीं

आग लगने के वक्त परिसर में करीब 1500 लोग थे। अब तक आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रवक्ता ने भी आग लगने की घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि अग्निकांड के बाद आपातकालीन नियमों का पालन किया गया और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। कर्मचारियों के हित में कंपनी सारे कदम उठाएगी।



### कंपनी की संपत्ति को काफी नुकसान

जानकारी के मुताबिक आग की वजह से कंपनी की संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक घटना सुबह 5.30 बजे की है। मोबाइल फोन असेसेरीज पेंटिंग यूनिट में सबसे पहले आग लगी। यह यूनिट नागामंगलम के पास उड्डानापल्ली में है। आग लगने के बाद आसपास के इलाके में गहरा काला धुआं फैल गया। धुआं इतना ज्यादा था कि आसपास के लोग भी घबरा गए। इसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

## निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

### चुनावी बॉन्ड से उगाही करने का आरोप

**एजेंसी । बेंगलुरु**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया। उनके खिलाफ चुनावी बॉन्ड के जरिए उगाही करने का आरोप लगाया गया है। बेंगलुरु की एक विशेष लोक अदालत ने इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री के अलावा कई दूसरे नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।



### पूरा मामला समझें

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। उन्होंने शिकायत की थी कि चुनावी बॉन्ड के जरिए डरा-धमकाकर जबरन वसूली की गई। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। एसीएमएम कोर्ट ने एक आदेश जारी कर शिकायत की एक प्रति और रिकॉर्ड थाने को भेजने का निर्देश भी दिया है। एफआईआर लंबित होने के कारण सुनवाई 10 तारीख तक के लिए टाल दी गई है। कोर्ट ने तिलकनगर पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ-साथ बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई विजयेंद्र, बीजेपी नेता नलिन कुमार कतील, केंद्रीय और राज्य बीजेपी कार्यालय और ई.डी. विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी है।

## कुलगाम में एनकाउंटर 2 आतंकवादी ढेर

### अधिकारी समेत 5 सुरक्षाकर्मी घायल

**एजेंसी । कुलगाम**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को मुठभेड़ हुई। इसमें 2 अज्ञात आतंकवादी मारे गए और एक अधिकारी समेत 5 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। इसी दौरान उनके और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के निकट गोली लगने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुमताज अली मामूली रूप से घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं।



पुलिस ने बताया कि 2 आतंकवादी मारे गए हैं और क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है। कुछ दिनों पहले किश्तवाड़ जिले में सुरक्षाबलों के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई थी।